एक वरिष्ठ बैंक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) के शीर्ष अधिकारियों की बैठक 'मंथन 2022' में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। गत 22 अप्रैल को हुई इस बैठक में मौजूद रहे एक अधिकारी ने बताया कि ये छह कार्यसमूह पीएसबी की कार्यप्रणाली पर ध्यान देंगे और ग्राहक सेवा, डिजिटलीकरण, मानव संसाधन प्रोत्साहन, कॉरपोरेट शासन और सहयोग को बेहतर बनाने के तरीके सुझाएंगे।

### समय-समय पर समीक्षा की जाएगी

बैठक में शामिल हुए वित्तीय सेवाओं के सचिव संजय मल्होत्रा ने हाल में बैंकों से कहा कि वे दीर्घकालिक मुनाफे के लिए रणनीति तैयार करें और ग्राहकों के अनुरूप तौर-तरीके अपनाएं। इस बैंक अधिकारी ने बैठक का ब्योरा देते हुए कहा कि ये कार्यसमूह इस साल के अंत तक अपनी रिपोर्ट सौंप सकते हैं। एक अन्य अधिकारी ने कहा कि सभी कार्य-समूह नियमित बैठकें करेंगे और प्रत्येक समूह की प्रगति का पता लगाने के लिए समय-समय पर समीक्षा की जाएगी।

# आईपीओ में अब 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी एलआईसी

## इससे 21 हजार करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी



नई दिल्ली, जेएनएन

लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन की इनिशियल पब्लिक ऑफरिंग का साइज छोटा कर दिया है। सरकार देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी के इश्यू में अब 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचेगी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक अधिकारी ने बताया कि सरकार 3.5 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचकर 21,000 करोड़ रुपए जुटाने की तैयारी में है। पहले सरकार 5 प्रतिशत स्टेक बेचने वाली थी। हालांकि अगर मार्केट में इश्यू की डिमांड अच्छी रही तो यह लिमिट 3.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 5 प्रतिशत तक हो सकती है। हालांकि ऐसा क्यों किया गया है इसके बारे में अभी कोई जानकारी नहीं मिली है। सरकार 3.5 प्रतिशत स्टेक बेचकर 21,000 करोड़ रुपए जुटाएगी। इस हिसाब से एलआईसी का वैल्यूएशन 6 लाख करोड़ रुपए होता है। हालांकि पहले सरकार ने एलआईसी का बाजार वैल्यू करीब 17 लाख करोड़ रुपए आंकी थी।

### जनवरी-मार्च में केवल भारत में ही बढ़ा इस्पात उत्पादन



**नई दिल्ली, जेएनएन।** विश्व के 10 सबसे बड़े उत्पादक देशों में केवल भारत ने जनवरी से मार्च 2022 की अवधि में उत्पादन में वृद्धि दर्ज की है। यह जानकारी वर्ल्ड स्टील एसोसिएशन द्वारा जारी किए गए ताजा आंकड़ों में दी गई है। वर्ल्ड स्टील की रिपोर्ट के अनुसार भारत ने मार्च 2022 में 1.09 करोड़ टन इस्पात का उत्पादन किया जो एक वर्ष पहले इसी माह की तुलना में 4.4 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह इस वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में देश में इस्पात उत्पादन 5.9 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3.19 करोड़ टन रहा। भारत दुनिया में इस्पात का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है। इस्पात के सबसे बड़े उत्पादक चीन का मार्च,22 का उत्पादन एक साल पहले की तुलना में 6.4 प्रतिशत घट कर 8.83 करोड़ टन रहा।

### हरित कोषों से 315 करोड़ रुपए की निकासी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में निवेशकों के बीच हरित या ईएसजी (पर्यावरण, सामाजिक और शासन) कोषों में निवेश को लेकर टिकाऊ धारणा का विकास नहीं हो पाया है। बीते वित्त वर्ष 2021-22 में इन कोषों से 315 करोड़ रुपए की निकासी देखने को मिली। इससे पहले वित्त वर्ष 2020-21 में इन कोषों में 4,884 करोड़ रुपए का निवेश आया था। आंकड़ों के अनुसार, 2020-21 से पहले सतत या हरित कोषों में 2,000 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश हुआ था। विशेषज्ञों का कहना है कि आगे चलकर ईएसजी कोष भारत में संपत्ति प्रबंधकों की कुल निवेश रूपरेखा का अभिन्न अंग होंगे। मॉर्निंगस्टार इंडिया के निदेशक-प्रबंधक शोध कौस्तुभ बेलापुरकर ने कहा कि हरित कोषों में ज्यादातर निवेश नई कोष पेशकश (एनएफओ) के जरिए आया है।

### 8 कंपनियों में निवेशकों के डूबे 2 लाख करोड़



**नई दिल्ली, जेएनएन।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह 2,21,555.61 करोड़ रुपए की गिरावट आई। इस दौरान इन्फोसिस और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक नुकसान हुआ। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,141.78 अंक या 1.95 प्रतिशत नीचे आया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में सिर्फ रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडाणी ग्रीन एनर्जी ही लाभ में रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 68,548.8 करोड़ रुपये घटकर 6,67,062.55 करोड़ रुपये रह गया। एचडीएफसी बैंक के बाजार मूल्यांकन में 60,536.97 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 7,51,801.60 करोड़ रुपये पर आ गया। भारती एयरटेल की बाजार हैसियत 30,127.49 करोड़ रुपये के नुकसान से 4,05,723.51 करोड़ रुपये और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की 18,094.01 करोड़ रुपये के नुकसान से 13,21,594.47 करोड़ रुपये रह गई।

### एफपीआई ने अप्रैल में शेयर बाजारों से निकाले 12,286 करोड़



**नई दिल्ली, जेएनएन।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) का भरोसा घट रहा है। विदेशी निवेशकों ने इस महीने अब तक भारतीय बाजारों से 12,300 करोड़ रुपए निकाले हैं। एनालिस्ट्स का कहना है कि अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी की आशंका, रूस-यूक्रेन युद्ध, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और हाई इन्फ्लेशन के चलते एफपीआई का निवेश दबाव में बना रह सकता है। एफपीआई ने मार्च, 2022 तक भारतीय शेयर बाजारों में लगातार छह महीने तक बिकवाली की थी। इस दौरान उन्होंने भारतीय शेयर बाजारों से 1.48 लाख करोड़ रुपए निकाले थे। इसकी मुख्य वजह फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि की आशंका और रूस के यूक्रेन पर हमले की वजह से पैदा हुए हालात थे। लगातार छह माह तक बिकवाली के बाद एफपीआई ने अप्रैल के पहले सप्ताह में शेयरों में 7,707 करोड़ रुपए डाले थे। इसके बाद 11 से 13 अप्रैल के कम कारोबारी सत्रों वाले सप्ताह के दौरान उन्होंने शेयरों से 4,500 करोड़ रुपये की निकासी की. उसके बाद के सप्ताह में भी एफपीआई की बिकवाली जारी रही। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, एक से 22 अप्रैल के दौरान विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से शुद्ध रूप से 12,286 करोड़ रुपए की निकासी की है।

### रेलवे का कोयला परिवहन बढ़ा

**नई दिल्ली।** रेलवे ने वित्त वर्ष 2021-22 में अपने कोयला परिवहन में एक साल पहले की तुलना में 20.4 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। रेलवे ने कहा कि 2020-21 में हुई ढुलाई की तुलना में 2021-22 में रिकॉर्ड 65.3 करोड़ टन कोयले की ढुलाई की है।


## प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग)

ब्लाक-II, द्वितीय तल, टेक्नोलॉजी भवन, न्यू मैहरोली मार्ग, नई दिल्ली-110016

सत्यमेव जयते

**रिक्ति सूचना**

भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पदों के लिए अनुबंध के आधार पर तीन वर्ष की अवधि के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्रम सं | पद | पदों की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | चार्टड अकाउंटेंट | 01 |

विस्तृत रिक्ति सूचना के लिए जैसे योग्यता, अनुभव, प्रति माह समेकित वेतन, आयु सीमा, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रारूप और अन्य नियमों और शर्तों आदि के लिए कृपया डीएसटी एवं टीडीबी की वेबसाइट (www.dst.gov.in and www.tdb.gov.in) पर देखें।

**आवेदन जमा करने की अंतिम** तिथि 10 जून, 2022 **सायं 5.00 बजे तक है।**

किसी भी अपडेट/शुद्धिपत्र/परिशिष्टि आदि को केवल उपरोक्त टीडीबी की उपरोक्त आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा, अत: अभ्यर्थी को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से टीडीबी की आधिकारिक वेबसाइट देखें।

davp 36106/12/0003/2223 — अवर सचिव, टीडीबी



## भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान

(भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अधीन स्वायत्त संस्थान)

IISER BERHAMPUR — बरहमपुर

IISERB — भोपाल

IISER KOLKATA — कोलकाता

IN PURSUIT OF KNOWLEDGE — मोहाली

IISER PUNE — पुणे

IISER THIRUVANANTHAPURAM — तिरुवनंतपुरम

IISER TIRUPATI — तिरुपति

### प्रवेश सूचना 2022

**5-वर्षीय बीएस-एमएस दोहरी डिग्री और 4-वर्षीय बीएस डिग्री कार्यक्रम**

**जिज्ञासु युवाओं के लिए विज्ञान में रोमाचंक अवसर**

वर्ष 2022-23 के शैक्षणिक सत्र के लिए भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईआईएसईआर) बरहमपुर, भोपाल, कोलकाता, मोहाली, पुणे, तिरुवनंतपुरम और तिरुपति में 4-वर्षीय बीएस और 5-वर्षीय बीएस-एमएस दोहरी डिग्री कार्यक्रम में प्रवेश के लिए विज्ञान स्ट्रीम में पढ़ने वाले अत्यधिक उत्साही छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**आकर्षक विशेषताएँ**

- विज्ञान में 5-वर्षीय बीएस-एमएस दोहरी डिग्री कार्यक्रम
- अभियांत्रिकी विज्ञान और आर्थिक विज्ञान में 4-वर्षीय बीएस कार्यक्रम (केवल आईआईएसईआर भोपाल में)
- कक्षा और प्रयोगशाला अध्ययन के साथ-साथ अग्रणी अनुसंधान पर जोर
- व्यापक और गहन रूप में वितरित पाठ्यक्रम
- सुसज्जित छात्रावासों और चिकित्सा सुविधाओं के साथ पूरी तरह से आवासीय परिसर
- खेल-कूद, सांस्कृतिक, और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों के अवसर

**पात्रता**

जिन उम्मीदवारों ने न्यूनतम 60% अंकों (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / शारीरिक रूप से विकलांग के लिए 55%) के साथ विज्ञान स्ट्रीम में (वर्ष 2021 या 2022 में) बारहवीं कक्षा / समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण की है, वे निम्नलिखित में से एक या अधिक चैनलों के माध्यम से प्रवेश के लिए पात्र हैं:

- **राज्य और केन्द्रीय बोर्ड (एससीबी)**
- **किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई)**
- **जेईई (एडवांस्ड)**

अधिक जानकारी के लिए, कृपया देखें: http://www.iiseradmission.in

**आवेदन की प्रक्रिया**

- आवेदन केवल http://www.iiseradmission.in पर ऑनलाइन जमा करना है।
- फॉर्म भरने से पहले आवेदक वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों और 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यू)' वाले भाग को ध्यान से पढ़ें।
- रु. 2000 का गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क (अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / कश्मीरी प्रवासी / शारीरिक रूप से विकलांग उम्मीदवारों के लिए रु. 1000) लागू है।

**छात्रवृत्ति**

- केवीपीवाई चैनल के माध्यम से प्रवेश पाने वाले छात्र केवीपीवाई नियमों के अनुसार छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे।
- जेईई (एडवांस्ड) और एससीबी चैनलों के माध्यम से प्रवेश पाने वाले छात्र भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के नियमों के अनुसार सीमित संख्या में इंस्पायर छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे।

| महत्वपूर्ण तिथियाँ | एससीबी | केवीपीवाई | जेईई (एडवांस्ड) |
|---|---|---|---|
| आवेदन पोर्टल खुलने की तिथि | 29 अप्रैल, 2022 | 11 सितम्बर, 2022 | 11 सितम्बर, 2022 |
| ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि | 29 मई, 2022 | 15 सितम्बर, 2022 | 15 सितम्बर, 2022 |
| आईआईएसईआर अभिक्षमता (एप्टीट्यूड) परीक्षा | 03 जुलाई, 2022 | | |

सभी पूछताछ अध्यक्ष, संयुक्त प्रवेश समिति 2022 को संबोधित की जानी चाहिए।

ईमेल: ask-jac2022@iiserpune.ac.in, वेबसाइट: http://www.iiseradmission.in

दूरभाष: 020 25908222 (सोमवार से शुक्रवार, दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक)


## बिजनेस फ्लैश

### साहित्यकार सम्मान समारोह स्पंदन में बैंक के साहित्यकारों का सम्मान

**भोपाल।** भारतीय स्टेट बैंक में आयोजित कार्यक्रम स्पंदन में बैंक के सुप्रसिद्ध एवं वरिष्ठ साहित्यकारों एवं कवियों का सम्मान बैंक प्रबंधन द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जाने-माने उर्दू के शायर मंजर भोपाली एवं विशेष अतिथि शायर डॉ. महताब आलम ने श्रोताओं को अपनी कविताओं एवं शायरियों को सुना कर मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित साहित्यकारों के सम्मान के पश्चात कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें श्रोताओं को बैंक के साहित्यकारों और कवियों की श्रेष्ठतम कविताओं एवं शायरियों को सुनने का आनंद प्राप्त हुआ। राजेश जोशी की कविता को काफी सराहा गया। कार्यक्रम का संचालन संजय कुमार, गोकुल सोनी और भावना ने किया। इस अवसर पर उप महाप्रबंधक एवं मंडल विकास अधिकारी यू दिनेश शानभाग, अन्य उप महाप्रबंधकगण सहित बैंक के अन्य कर्मचारी एवं अधिकारी भारी संख्या में उपस्थित थे।

### वैज्ञानिक आयुर्वेद के कारण अस्पताल में भर्ती होने की दर में कमी आई है : माधवबाग

**भोपाल।** वैज्ञानिक आयुर्वेद को जल्द ही बढ़ावा मिलने वाला है क्योंकि पूरे देश से लगभग 2 हजार आयुर्वेदिक डॉक्टर्स दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं जहां विशेषज्ञ इस बारे में बात करेंगे कि मधुमेह (डायबिटीज) और हृदय-संवहनी रोग (कार्डियो-वैस्कुलर) जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों के साथ आधुनिक तकनीक को कैसे मिश्रित किया जाए। इस मौके पर डॉ. रोहित माधव साने ने कहा, वैज्ञानिक आयुर्वेद समय की जरूरत और आगे बढ़ने का रास्ता है। हमारे उपचार के दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप अस्पतालों में रोगियों की भर्ती दर बहुत कम हुई है। हम अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ ऑफलाइन और ऑनलाइन परामर्श दोनों के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए अपने उपचार को अधिक सुलभ और सस्ता बनाने की योजना बना रहे हैं।

### रफेलाट्स ने जमकर मनाया विदाई समारोह

**भोपाल।** सेंट राफेल स्कूल में फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इस पार्टी का आयोजन स्कूल मैनेजर सिस्टर एन्सिला, उपप्रधानाचर्या सिस्टर अल्विना, कोषापाल सिस्टर लिट्टी गोरे, टीचर्स और 11वीं कक्षा के छात्रों ने किया। फेयरवेल पार्टी के दौरान 11वीं के छात्रों ने 12वीं के छात्रों का स्वागत किया और सबने जमकर मस्ती की। डांस, सॉन्ग, स्किट के साथ रैम्पवॉक पर भी छात्रों ने अपने जलवे बिखेरे।12वीं और ग्यारहवीं के छात्रों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी और खट्टी मीठी यादों को शेयर किया। इस पूरे धमाल में 12वीं के छात्रों के चेहरे पर खुशी तो दिखी लेकिन स्कूल से विदाई का दर्द भी झलक आया।


### भारत का कच्चे तेल के आयात पर खर्च लगभग दोगुना होकर 119 अरब डॉलर पर पहुंचा



**नई दिल्ली, जेएनएन।** मार्च में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2021-22 में भारत का कच्चे तेल के आयात पर खर्च लगभग दोगुना होकर 119 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसकी वजह मांग में वृद्धि और यूक्रेन में युद्ध के कारण वैश्विक स्तर पर ऊर्जा की कीमतों में बढ़ोतरी है। भारत तेल की खपत और आयात करने के मामले में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश है। तेल मंत्रालय के पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) के आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2021 से मार्च 2022 के बीच भारत ने तेल के आयात पर 119.2 अरब डॉलर खर्च किए। इससे पिछले वर्ष की समान अवधि में उसका तेल आयात बिल 62.2 अरब डॉलर रहा था। मार्च माह में जब तेल की कीमतें 14 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई, तब अकेले इस महीने में ही भारत ने तेल आयात पर 13.7 अरब डॉलर खर्च किए, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में यह खर्च 8.4 अरब डॉलर था। वैश्विक स्तर पर तेल के दाम जनवरी से बढ़ने शुरू हुए थे और फरवरी में ये 100 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गए। मार्च महीने की शुरुआत में तेल की कीमत 140 डॉलर प्रति बैरल के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। हालांकि उसके बाद कीमतों में गिरावट आने लगी और अब यह करीब 106 डॉलर प्रति बैरल पर है।

# क्या है हिन्दू धर्म की कसौटी





ओमप्रकाश श्रीवास्तव
आईएएस अधिकारी और धर्म, दर्शन और साहित्य के अध्येता

**सूचना** क्रांति के पहले भी अनेक क्रांतियाँ हुईं हैं. औद्योगिक क्रांति हुई जिसने जीवन को भौतिक रूप से सरल और सुखद बना दिया. वैचारिक रूप से पूँजीवाद भी क्रांति है, मार्क्स का साम्यवाद भी क्रांति है और समाजवाद भी क्रांति है. संसार में इसाई, इस्लाम और यहूदी जैसे अब्राहमिक धर्मों का उदय, भारत में वेदांत दर्शन और इसी में से बौद्ध व जैन धर्मों का उदय आदि धार्मिक-वैचारिक क्रांतियाँ थीं जिन्होंने पूरे संसार को बदल डाला. इन सब में एक बात समान थी वह यह कि विचारों का दार्शनिक आधार था, उसे देने वाले एक या अनेक महापुरुषों ने एक अनुशासन के अंतर्गत विचार श्रृंखला प्रस्तुत की और समाज ने उसके प्रायोगिक रूप को अपनाया. भारत में आम लोग वेदान्त के ब्रह्म का दार्शनिक विवेचन समझने में भले ही सक्षम न हों परंतु वे पूजा, व्रत, तीर्थयात्रा, भजन-कीर्तन, दान, उम्र के अनुसार चार आश्रमों की व्यवस्था के माध्यम से ईश्वर के अनुभव की यात्रा करते थे.

सूचना क्रांति ने स्थिति बदल डाली. अब विचार देने के लिए अनुभव, बौद्धिकता, पात्रता होना आवश्यक नहीं. कोई भी मूर्ख या कुटिल व्यक्ति अपने विचारों को कभी भी 'वायरल' कर सकता है और बगैर किसी परीक्षण के वे समाज का मस्तिष्क दूषित करने का काम वखूबी कर सकते हैं. अपनी आक्रामकता को सिद्ध करने के लिए तुलसीदास जी के नाम पर दोहे-चौपाई, शास्त्रों का नाम लेकर संस्कृत में फर्जी श्लोक बनाकर सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से भेजे जा रहे हैं. ऐसे लोग समन्वय व सहिष्णुता को धर्म विरोधी घोषित कर चुके हैं, पुरुषार्थ से दूर तक कोई नाता नहीं रहा, चमत्कार से सब पा लेना चाहते हैं और इसलिए फर्जी बाबाओं के आश्रम गुलजार होने लगे हैं.

अभी भी समाज में बहुतायत ऐसे सामान्य लोगों की है जो गूढ़ दर्शन और ग्रंथों के चक्कर में पड़े बगैर अपने संस्कार और परम्पराओं के आधार पर शांतिप्रिय जीवन जी रहे हैं. मैनें आज से 25 वर्ष पूर्व अपनी 94 वर्ष की अशिक्षित दादी को पूजा के समय कहते सुना है ङ्क भगवान् सबको भलो करियो सबके पाछे हमाओ भलो करियो. यही व्यवहारिक धर्म था. भगवान् राम धनुष-बाण धारण करते थे पर उनके मुख पर प्रेम, करुणा, आश्वस्ति के भाव होते थे, हाथ वरद् मुद्रा में सारे संकटों से बचाने का आश्वासन देता था. हनुमान् महान योद्धा बाद में थे पहले रामभक्त, ज्ञानी और सभी गुणों के भंडार थे. अब स्थिति बदल गई है. सूचना क्रांति ने राम का क्रोधित, युद्ध को तैयार स्वरूप घर-घर में पहुँचा दिया है. हनुमान अब क्रुद्ध महाकाल जैसे दिखने लगे हैं. ब्रह्म के रूप में राम के सृजन और पालन करने वाले स्वरूप गायब हो गये हैं कुछ बचा है तो वह है संहार का स्वरूप. युवाओं के कोमल मस्तिष्क में धर्म के नए आक्रामक स्वरूप का उदय हो रहा है.

धर्म का बाहरी चोला तेजी से बदल रहा है. आम श्रद्धालु भ्रम में है कि क्या यही वेदों से निकला सनातन धर्म है ऐसी स्थिति में वह कौन सी कसौटी है जिस पर वह धार्मिक क्रियाओं का परीक्षण कर सके वेदों की घोषणा है कि ब्रह्म एक है और संसार उसी का रूप है इसलिए संसार के कण-कण में उसी ब्रह्म की सत्ता विद्यमान है. मनुष्य, पशु-पक्षी, वृक्ष, पहाड़, नदियाँ सभी ब्रह्म के प्रकटीकरण का माध्यम हैं. इनमें तात्विक रूप से कोई भेद नहीं है. इस बात को अनुभव कर लेना (बौद्धिक रूप से समझ लेना भर नहीं) ही ईश्वर का साक्षात्कार है. यही जीवन का ध्येय है. यही मुक्ति है. इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ही अनेक दर्शन, धार्मिक क्रियां, उपासना पद्धतियाँ पैदा हुईं ताकि हर व्यक्ति अपनी प्रकृति व रुचि के अनुसार मार्ग का अनुसरण कर सके. पर सभी का अंतिम लक्ष्य एक ही है ङ्क कण-कण में ईश्वर की अनुभूति करना ङ्क सीय राममय सब जग जानी.

हिन्दू धर्म के ग्रंथ - गीता, ब्रह्मसूत्र और उपनिषदों को सामूहिक रूप से प्रस्थानत्रयी कहते हैं. यह वेदान्त के तीन स्तम्भ हैं. वेदों के दर्शन, ज्ञान और उपासना का सार तथा तर्क और प्रमाण द्वारा उसे सिद्ध करने की प्रक्रिया ही प्रस्थानत्रयी है. यह धर्म की यात्रा का प्रस्थान बिंदु है. कोई भी मत तभी सनातन धर्म का अंश माना जा सकता है जब वह इन तीनों की कसौटी पर खरा उतरे. जब आदिशंकराचार्य जी ने अद्वैत मत की स्थापना की तो उन्होंने इन ग्रंथों पर भाष्य लिखकर सिद्ध किया कि उनका मत सनातनधर्म के अनकूल है. इसी प्रकार प्राचीन आचार्यों निम्बार्काचार्य ने द्वैताद्वैतवाद, रामानुजाचार्य ने विशिष्टाद्वैतवाद, मध्वाचार्य ने द्वैतवाद आदि का प्रतिपादन करने के लिए प्रस्थानत्रयी के ग्रंथों पर भाष्य लिखकर अपने मत को प्रतिपादित किया. अद्वैत, ब्रह्म और जीव को एक मानता है, द्वैत, ब्रह्म, जीव और संसार में भिन्नता मानता है वहीं विशिष्टाद्वैत में ब्रह्म व जीव का वैसा ही संबंध बताया है जैसा सूर्य व उसकी किरणों में होता है, सूर्य के बिना उसकी किरणों का अस्तित्व नहीं है परंतु दोनों भिन्न भी हैं. इसी प्रकार अन्य वाद हैं परंतु एक बात सबमें समान है कि प्रत्येक वाद का उद्देश्य ब्रह्म को प्राप्त करना है, इसलिए इन्हें ब्रह्मवाद कहा जाता हैं. यही सनातनधर्म (हिन्दूधर्म) का लक्ष्य है और कोई क्रिया इस लक्ष्य को प्राप्त करा सकती है या नहीं यही उसके सनातनधर्म का अंश होने की कसौटी है.

इसलिए बौद्धिक रूप से समर्थ विचारकों, साधु-संतों का दायित्व है कि वे तो प्रस्थानत्रयी और उसके भाष्यों जैसे मूल ग्रंथों की कसौटी पर धर्म के नाम पर प्रचलित प्रथाओं और रीतियों का परीक्षण करें और समाज को दिशा दिखां. हम स्वयं भी यह काम कर सकते हैं. हमें धर्म के नाम पर परोसी जा रही सामग्री का विवेकपूर्वक परीक्षण करना है. धर्म का अर्थ है जो संसार में भौतिक समृद्धि दे व आत्मकल्याण (चरम लक्ष्य -ब्रह्म की अनुभूति) करे - यतो अभ्युदय नि÷श्रेयस सिद्धि÷ स धर्म÷. जो कार्य हमारी कार्यकुशलता बढ़ाए, समृद्धि बढ़ाए, जीवन को सुखी बनाए वह धर्म का भाग होगा. दान करने से वस्तुओं से आसक्ति और उन पर अधिपत्य के भाव में कमी आती है, दया करने से दूसरे को अपना ही अंश समझने की प्रवृत्ति बढ़ती है, अहिंसा से हृदय प्रेमपूर्ण होता है, लोभ के त्याग से निस्वार्थ कर्म की प्रगति होती है, अक्रोध से इंद्रियों पर नियंत्रण बढ़ता है, ईश्वर की आराधना से आत्मसमर्पण की प्रवृत्ति बढ़ती है. ऐसी हजारों बातें हैं जो निरंतर पालन करने पर सारा संसार अपना ही विस्तार दिखाई देने लगता है और स्वयं को व्यष्टि का अटूट अंश होने का अनुभव होने लगता है. यही ब्रह्म का साक्षात्कार है. यही सनातन धर्म की पूर्णता है. यही प्रक्रियां सनातन धर्म की कसौटी पर खरी उतरती हैं.

धर्म की इस प्रक्रिया में व्यक्ति कमजोर या कायर नहीं बनता है. वह तो आंतरिक और वाह्य दोनों रूपों में सबल बनता है. यह ताकत सकारात्मक होती है. इसके विपरीत यदि कोई विचार आपको दूसरों के प्रति आक्रामक बनाता है, आत्मवत् सर्वभूतेषु के स्थान पर केवल अपने समुदाय के हितों की चिंता और दूसरे के प्रति घृणा पैदा करता है तो वह हमारे अंतर का संकुचन करता है.

धर्म का बाहरी चोला तेजी से बदल रहा है. आम श्रद्धालु भ्रम में है कि क्या यही वेदों से निकला सनातन धर्म है ऐसी स्थिति में वह कौन सी कसौटी है जिस पर वह धार्मिक क्रियाओं का परीक्षण कर सके. हिन्दू धर्म के ग्रंथ - गीता, ब्रह्मसूत्र और उपनिषदों को सामूहिक रूप से प्रस्थानत्रयी कहते हैं. यह वेदान्त के तीन स्तम्भ हैं. कोई भी मत तभी सनातन धर्म का अंश माना जा सकता है जब वह इन तीनों की कसौटी पर खरा उतरे.

## शिक्षित नागरिक ही राष्ट्र का निर्माण करते हैं



संजीव ठाकुर

**शिक्षा** की गुणवत्ता, संस्कारों की गहराई और संस्कृति की विविधता देश का प्रतिनिधित्व करते हैं. वैश्विक परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता, संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती है. इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है.

किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति, शिक्षा, संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है. शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति, संस्कार उसे समुर्द्ध देश बनाते हैं. राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है. आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है. कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है. जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं. यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं. जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा, सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं. हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए. बेंजामिन फ्रैंकलीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है. हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरुआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है.

आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है. हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं.

बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है, और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है.

## उमंग और बलिदान का प्रतीक लोक पर्व बैसाखी



जगदीश कौशल

हमारी लोक परंपराओं तथा लोकपर्वों की स्थापना के पीछे सदियों से प्रचलित हमारी धार्मिक मान्यताओं ने निश्चय ही बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है. इन लोक पर्वों का संबंध अतीत की किसी न किसी घटना से जुड़ा रहता है जो हर वर्ष उस घटना के प्रति लोक जीवन की चेतना को जागृत कर जनमानस को नई उमंग, उत्साह, उल्लास और उत्सर्ग की भावनाओं से ओत-प्रोत करते रहते हैं. इन पर्वों के माध्यम से हम अपने गौरवशाली अतीत को पूनर्जीवित करते हैं और अपनी सदियों पुरानी महान संस्कृति को सुरक्षित रखते हुए हैं.

बैसाखी का पर्व प्राचीन काल से हमारे देश में एक लोक पर्व के रूप में मनाया जाता है. बैसाखी की पावनता जहां सम्राट विक्रमादित्य की वीरता, गुरू गोविंद सिंह की खालसा पंथ की स्थापना और नव दुर्गाओं की प्रतिष्ठा कर शक्ति की आराधना का स्मरण दिलाती है वही हर्षोल्लास से भरपूर किसान की पकी फसल सूचना भी देती है. बैसाखी के पावन दिन गुरू गोविंद सिंह ने सन 1699 में आनंद पुर साहब में पांच प्यारों की सृष्टि की थी. इसी दिन से दशम गुरू ने खालसा ग्रंथ की स्थापना करके गुरू ग्रंथ साहब को गुरू का दर्जा दिया था.

बैसाखी से पूर्व चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर सम्राट विक्रमादित्य की स्मृति में विक्रमी संवत का हम स्वागत करते हैं, क्योंकि यह दिन हमारे स्वाभिमान और सभ्यता की रक्षा का स्मरण दिवस है. सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को परास्त कर अपने नाम से ये संवत चलाया और तभी से यह काल विभाजन हमारी सांस्कृतिक विरासत बन गया है. बैसाखी का पर्व, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास की सुनहरे पृष्ठों पर अंकित एक ऐसा बलिदानी दिवस के रूप में अंकित है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है. 13 अप्रैल 1919 का वह दिन बैसाखी के पावन पर्व का था. उस दिन अमृतसर के जलियावाला बाग में आजादी के दीवानों की सभा हो रही थी. सभा में बीस हजार से अधिक नर-नारी, बच्चे तथा बूढ़े उपस्थित थे. मंच पर बैठे अनेक देशभक्त नेता राष्ट्र की सोई हुई जवानी को ललकार रहे थे और आजादी की मशाल को देशवासियों के जन मन में प्रज्ज्वलित कर रहे थे. इसी समय अचानक जनरल डायर ने अंग्रेज सिपाहियों को हथियारबंद फौजी सेना के साथ आकर जलियावाला बाग को चारो तरफ से घेर लिया और सभा में उपस्थित हजारों लोगों को पांच मिनट में मैदान खाली करने का आदेश दिया. अमृतसर का ये बाग चारो ओर से ऊंची-ऊंची इमारतों से घिरा हुआ था. तीन चार फुट के एक छोटे से रास्ते के अलावा बाग से बाहर जाने का और कोई मार्ग नहीं था. बीस हजार लोगों की इतनी बड़ी भीड़ सिर्फ पांच मिनट के समय में वह भी मात्र एक छोटे से रास्ते से बाहर कैसे जा सकती थी. उस पर बंदूकें ताने खड़े सैनिक टुकडियां को देख चारो तरफ भगदड़ मच गई. धांय-धांय की दिल दहला देनी वाली गोलियों की आवाज से जलियावाला बाग का पूरा मैदान चीत्कारों और हाहकारों से गूंज उठा. फौजी टुकड़ियों ने देखते ही देखते 1600 चक्र गोलियां चलाकर 1200 लोगों को मौत के घाट उतार दिया और बाहर खड़ी फौजी गाड़ियों में सवार होकर चले गये. जलियावाला बाग का कुंआ लाशों के ढेर से पट गया. मैदान में लाशों के ढेर और कराहते हुए लोगों की चीत्कारों के अलावा कुछ नहीं बचा. बैसाखी का मेला जो खुशियों और उमंगों के महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा था पल भर में ही हजारों देश प्रेमियों और देशभक्तों के बलिदान दिवस के रूप में बदल गया. उसी दिन से हर वर्ष 13 अप्रैल को बैसाखी का लोक पर्व देश की आजादी की लड़ाई में शहीद हुए लोगों के बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है. इस पावन त्यौहार को संपूर्ण देशवासी उन हजारों बलिदानियों की स्मृति में एक पुण्य दिवस के रूप में मनाते हैं.



बैसाखी का पर्व प्राचीन काल से हमारे देश में एक लोक पर्व के रूप में मनाया जाता है. बैसाखी की पावनता जहां सम्राट विक्रमादित्य की वीरता, गुरू गोविंद सिंह की खालसा पंथ की स्थापना और नव दुर्गाओं की प्रतिष्ठा कर शक्ति की आराधना का स्मरण दिलाती है वही हर्षोल्लास से भरपूर किसान की पकी फसल सूचना भी देती है. बैसाखी के पावन दिन गुरू गोविंद सिंह ने सन 1699 में आनंद पुर साहब में पांच प्यारों की सृष्टि की थी. इसी दिन से दशम गुरू ने खालसा ग्रंथ की स्थापना करके गुरू ग्रंथ साहब को गुरू का दर्जा दिया था.

## वैज्ञानिक आयुर्वेद समय की मांग है



रोहित

**वैज्ञानिक** आयुर्वेद को जल्द ही बढ़ावा मिलने वाला है क्योंकि पूरे देश से लगभग 2 हजार आयुर्वेदिक डॉक्टर्स भोपाल में होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं जहां विशेषज्ञ इस बारे में बात करेंगे कि मधुमेह (डायबिटीज) और हृदय-संवहनी रोग (कार्डियो-वैस्कुलर) जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों के साथ आधुनिक तकनीक को कैसे मिश्रित किया जाए.

चर्चा का नेतृत्व वैद्य साने आयुर्वेद लैबोरेटरीज लिमिटेड (माधवबाग) के एमडी और सीईओ डॉ. रोहित माधव साने करेंगे, जिन्होंने इस अनूठी विधि के माध्यम से दस लाख से अधिक रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है. डॉ. साने रोगियों में टाइप 2 मधुमेह का इलाज करने के अपने अनुभव के बारे में विस्तार से बताते हुए पेपर पेश करेंगे. हर्बल दवाइयों, व्यायाम, आहार और पंचकर्म चिकित्सा के संयोजन के साथ, डॉ. साने के नेतृत्व वाले माधवबाग ने अब तक 22,000 रोगियों में टीडब्ल्यूडीएम को सफलतापूर्वक उलट दिया है.

विभिन्न रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि लगभग 10-13 प्रतिशत भारतीय टीडब्ल्यूडीएम से पीड़ित हैं, जबकि जनसंख्या के समान अनुपात में लोगों को दीर्घकालिक हृदय रोग भी हैं. डॉ. साने चिकित्सा प्रयोगशालाओं में होने वाली ईसीजी, एचबीए1सी, कार्डियक स्ट्रेस टेस्ट और अन्य डायग्नोस्टिक टूल्स जैसी वैज्ञानिक रिपोर्टों के इस्तेमाल पर भी चर्चा करेंगे और बताएंगे कि इनसे कैसे कार्डियो- वैस्कुलर के लक्षणों की पहचान होती है.

इस दो दिवसीय कार्यक्रम - राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा सम्मेलन और संगोष्ठी संयोजनम् - 22 का आयोजन विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा भोपाल में 22 से 24 अप्रैल 2022 तक अपने स्वर्ण जयंती समारोह और आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में किया जाएगा. डॉ. रोहित माधव साने कहते हैं, वैज्ञानिक आयुर्वेद समय की जरूरत और आगे बढ़ने का रास्ता है. हमारे उपचार के दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप अस्पतालों में रोगियों की भर्ती दर बहुत कम हुई है. हम अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ ऑफलाइन और ऑनलाइन परामर्श दोनों के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए अपने उपचार को अधिक सुलभ और सस्ता बनाने की योजना बना रहे हैं. माधवबाग ने पीयर रिव्यू एलोपैथिक मेडिकल जर्नल्स में 150 से अधिक शोध रिपोर्ट प्रकाशित की हैं - राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर मधुमेह, हृदय-संवहनी रोग, उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसे जीवन शैली संबंधी विकारों के इलाज और इन्हें उलटने में अपनी सफलता पर प्रकाश डाला है.

विश्व आयुर्वेद परिषद के आयोजन अध्यक्ष गोपाल दास मेहता ने कहा, इस कार्यक्रम में आयुर्वेदिक विद्वानों के लिए विभिन्न वैज्ञानिक पेपर प्रेसेंटेशन, नवीन तकनीकों और शिक्षण मॉडल, अकादमिक सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताएं शामिल हैं, ताकि आयुर्वेदिक सिद्धांतों और प्रथाओं की बेहतर समझ के लिए उनके ज्ञान को समृद्ध किया जा सके और उनके कौशल को विकसित किया जा सके.

## चीन-पाकिस्तान से निपटने के लिए हमें सीमाओं को मजबूत रखना होगा



सत्यवान सौरभ

**1970** और 80 के दशक में चीन और पाकिस्तान के बीच संबंध विकसित हुए. इनसे मुकाबला करना भारत की पहल था. चीन-पाकिस्तान की धुरी दो मोर्चों पर युद्ध की संभावना को खोलता है, इसलिए भारत को सीमाओं पर अपने सुरक्षा तंत्र को मजबूत रखना अत्यंत जरुरी है. कुछ समय पहले तक, दो मोर्चों पर युद्ध की बातों ने दो परस्पर विरोधी मतों को जन्म दिया. मगर भारत की सेना का दृढ़ मत था कि चीन-पाकिस्तान सैन्य खतरा एक वास्तविक संभावना है, और हमें इस चुनौती का मुकाबला करने के लिए क्षमताओं का विकास करना चाहिए. दूसरी ओर, सामान्य रूप से राजनीतिक वर्ग और देश के रणनीतिक समुदाय के मुख्य वर्ग ने महसूस किया कि अतिरिक्त संसाधनों और धन के लिए दबाव बनाने के लिए सेना द्वारा दो-मोर्चे के खतरे को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जा रहा है. उन्होंने तर्क दिया कि ऐतिहासिक रूप से, चीन ने कभी भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष में सैन्य हस्तक्षेप नहीं किया है और भारत और चीन के बीच आर्थिक, राजनयिक और राजनीतिक संबंध दोनों देशों के बीच किसी भी सशस्त्र संघर्ष से इंकार करते हैं. नतीजतन, भारतीय रणनीतिक सोच पाकिस्तान और वहां से निकलने वाले सुरक्षा कारणों पर अत्यधिक केंद्रित थी.

चीनी धन और सामग्री (चीनी निर्मित हथगोले सहित) का उपयोग करके पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद को बनाए रखने में सक्षम है. जो सीमाओं पर भारत के सुरक्षा तंत्र के लिए खतरा है. वे म्यांमार और बांग्लादेश के साथ खुली और झरझरा सीमाओं का शोषण करके सीमा प्रबंधन को अस्थिर करने के अपने प्रयासों को मिलाने में सक्षम हैं. पीओके के माध्यम से चीन-पाकिस्तान इकनोमिक कॉरिडोर का पारित होना भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को प्रभावित करता है. पाकिस्तान सीमाओं पर दोनों सैन्य उद्देश्यों के लिए बेईदोउ का उपयोग करने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिससे अमेरिका स्थित ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम पर उनकी निर्भरता समाप्त हो जाएगी. ऐसे में चीन-पाक की धुरी से निपटने के लिए सीमा ढांचे को मजबूत रखा चाहिए. बॉर्डर रोड इन्फ्रा अंतर-क्षेत्रीय और अंतर-क्षेत्रीय मुद्दों से संबंधित सुरक्षा चिंताओं को नियंत्रित करके शांति और स्थिरता बनाए



रखने में मदद करता है. बुनियादी ढांचे का निर्माण कर भारत सैनिकों की आवाजाही के लिए समय कम करने के लिए ढोला-सादिया पुल जैसे कुछ महत्वपूर्ण पुलों का भी निर्माण कर रहा है. भारत ने चीन को नियंत्रित करने के लिए उत्तर पूर्व में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को आक्रामक रूप से विकसित करने के लिए जापान के साथ हाथ मिलाया है.

पाकिस्तान से घुसपैठ के प्रयासों का मुकाबला करने के लिए भारतीय सेना की शांति समय की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए छह सीमा निगरानी प्रबंधन प्रणालियों (बीएसएमएस) की खरीद कर रहा है. बोल्ड-क्यूआईटी व्यापक एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (सीआईबीएमएस) के तहत तकनीकी प्रणालियों को स्थापित करने की एक परियोजना है, जो बीएसएफ को ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के बिना बाड़ वाले नदी क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश सीमाओं को विभिन्न प्रकार के सेंसर से लैस करने में सक्षम बनाती है. यूएवी और अन्य सर्विलांस गैजेट्स जो पहले से ही इंस्टालेशन के अधीन हैं, ने मानवीय त्रुटि के कारण होने वाली घटनाओं को काफी कम कर दिया है. मिनी यूएवी का उद्देश्य पाकिस्तान के साथ नियंत्रण रेखा और चीन के साथ वास्तविक नियंत्रण रेखा के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से मुकाबला करने के लिए टोही करना भी है.

द्धभारत को इस बात से चिंतित होने की जरूरत है कि चीन पीओके में उस अच्छी नीति को दोहराने की कोशिश कर रहा है जिसे उसने पहले तिब्बत, शिनजियांग और पूरे मध्य एशिया में लागू किया था. बीजिंग उन अंतरालों को भरने के लिए एक ऐतिहासिक अवसर की तलाश करेगा जहां भारत काफी हद तक विफल रहा है. पीओके की रणनीतिक स्थिति को दक्षिण, पश्चिम, मध्य और पूर्वी एशिया के संपर्क बिंदु के रूप में देखते हुए, चीन के इस कदम के महत्वपूर्ण यूरेशियन क्षेत्र में भारत की पहुंच को सीमित करने के निहितार्थ हैं.

### केवल सीमा सुरक्षा पर ध्यान देना अपर्याप्त

पाकिस्तान और चीन की सीमाओं पर सीमा प्रबंधन के लिए पारंपरिक दृष्टिकोण अर्थात केवल सीमा सुरक्षा पर ध्यान देना अपर्याप्त हो गया है. भारत को न केवल निर्बाधता सुनिश्चित करने की आवश्यकता है, बल्कि सीमा नियंत्रण और निगरानी के लिए नई तकनीकों को अपनाने और डेटा के प्रवेश, विनिमय और भंडारण के लिए एकीकृत प्रणालियों के विकास के साथ, सुरक्षा कर्मियों और भारत की आंतरिक सुरक्षा को खतरे में डाले बिना पूर्ण प्रमाण सीमा सुरक्षा की सुविधा प्रदान करना भी है. यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि चीन, एक उभरती हुई और आक्रामक, महाशक्ति, भारत के लिए बड़ा रणनीतिक खतरा है, जिसमें पाकिस्तान बीजिंग की भारत को नियंत्रित करने की रणनीति के लिए दूसरे क्रम का सहायक है. इसलिए, भारत को राजनीतिक रूप से भारत पर लक्षित चीन-पाकिस्तान नियंत्रण रणनीति के प्रभाव को कम करने के लिए वह करना चाहिए जो वह कर सकता है. एक शोध पत्र में कहा गया है कि दो मोर्चों के खतरे के परिदृश्य में, चीन के साथ सैन्य विषमता चौड़ी हो गई है जबकि पाकिस्तान के साथ पारंपरिक विषमता में अंतर कम हो रहा है. संयुक्त खतरे का मुकाबला करने के लिए, भारतीय सशस्त्र बलों को भारत-विशिष्ट सिद्धांत विकसित करने की आवश्यकता है. यह अंतरिक्ष युद्ध लड़ने और एलओसी और एलएसी के साथ प्रौद्योगिकी के साथ-साथ बूट्स ऑन द ग्राउंड को तैनात करने में मदद करेगा.

## सनस्टोन एड्युवर्सिटी ने अपने कैम्पस नेटवर्क में जागरण लेकसिटी युनिवर्सिटी को जोड़ा

**भोपाल।** भारत के अग्रणी शिक्षा सेवाओं प्रदाताओं में से एक सनस्टोन एड्युवर्सिटी जिसकी 25 शहरों में 30 से अधिक संस्थानों के साथ सशक्त मौजूदगी है, ने जागरण लेक सिटी युनिवर्सिटी को अपने साथ जोड़ते हुए अपने कैम्पस नेटवर्क का विस्तार किया है। मध्य प्रदेश के भोपाल की जागरण लेक सिटी, एक निजी युनिवर्सिटी है जो तीन विषयों- मैनेजमेन्ट, आईटी, कॉमर्स एण्ड बैंकिंग में 14 कोर्सेज़ पेश करती है। इस पहल के साथ सनस्टोन द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले अतिरिक्त फायदे, अब लेकसिटी युनिवर्सिटी के बीबीए, बीसीए, बीटेक, बीकॉम, एमबीए कोर्सेज़ के साथ मिलेंगे। जिससे छात्र कॉलेज में ही इंडस्ट्री की ज़रूरत के मुताबिक शिक्षा एवं कौशल प्रोग्राम पूरे कर नौकरियों के लिए तैयार हो सकेंगे। वे सनस्टोन के 1000 से अधिक रिक्रूटर्स के



नेटवर्क के साथ जुड़ेंगे और 2000 से अधिक नौकरियों के अवसरों का लाभ उठा सकेंगे। इस तरह छात्रों को शीर्ष पायदान की कंपनियों में प्लेसमेन्ट के अच्छे अवसर मिलेंगे। हाल ही में, भोपाल एजुकेशन हब के रूप में रूप में उभरा है, जहां युनिवर्सिटियां इंजीनियरिंग से लेकर सोशल साइन्स तक विभिन्न विषयों में कोर्सेज़ पेश करती हैं। राज्य की राजधानी होने के नाते, भोपाल देश भर के छात्रों को पढ़ाई के लिए लुभाता है तथा मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा पाने वाले छात्रों के लिए पसंदीदा गंतव्य बन चुका है।

## हेफ्टीवर्स और सुपरस्टार अजय देवगन ने रनवे 34 गेम को मेटावर्स में लॉन्च करने के लिए हाथ मिलाया

**नई दिल्ली एजेंसी।** हंगामा की वेब 3.0 पहल हेफ्टीवर्स ने मेटावर्स की दुनिया में अगला बड़ा कदम उठाने के लिए कमर कस ली है। अपनी श्रेणी का पहला कदम उठाते हुए इस ब्रांड ने रनवे 34 गेम को मेटावर्स में लॉन्च करने के लिए बॉलीवुड के सबसे बड़े सुपरस्टारों में शामिल अजय देवगन के हाथ मिलाया है। 29 अप्रैल को रिलीज होने जा रही इस बहुप्रतीक्षित फिल्म के इर्द-गिर्द बुनी गई थीम पर आधारित यह गेम आइकॉनिक एक्टर अजय तथा हंगामा और हेफ्टीवर्स के संस्थापक नीरज



रॉय की मौजूदगी वाले एक कार्यक्रम में लॉन्च किया गया। अजय देवगन और हेफ्टीवर्स के बीच यह दूसरी घोषणा है, जिसमें इस एक्टर को अभूतपूर्व मेटावर्स अवतार में पेश करने का ऐलान किया गया है। इससे पहले इसी मार्च की शुरुआत में सुपरस्टार अजय ने ओटीटी सीरीज %रुद्रा – द इज ऑफ डार्कनेस% से प्रेरित अपने किरदार की शक्ल में इस नए ब्रह्मांड के अंदर कदम रखा था, जिसने उपयोगकर्ताओं को एक दिलचस्प मनोरंजक अनुभव प्रदान किया। ।द्रढ़ढ्ढ4द्ददृद्दद्ध.×45 पर उपलब्ध यह गेम शुरू से आखिर तक उपयोगकर्ताओं को तल्लीन कर देने वाला रोमांचक अनुभव प्रदान करेगा। सिनेप्रेमियों और गेम के दीवानों को एक साथ लाकर उपयोगकर्ता अजय के सह-पायलट के रूप में एक सुरक्षित इमरजेंसी लैंडिंग करने का प्रयास करेंगे। हाथ से समय फिसलते जाने के साथ अजय देवगन का विक्रांत खन्ना वाला किरदार प्लेयर को सभी जरूरी निर्देश देता जाएगा। निभाने में मुश्किल साबित होने वाली कड़ी चुनौतियों और कठिन स्तरों वाला यह रनवे गेम उपयोगकर्ताओं के दिल की धड़कनों को खेलते समय उसी उत्तेजना के साथ बढ़ाएगा, जैसे कि यह फिल्म बढ़ाती है।

## टेक महिन्द्रा एआई और डेटा विज्ञान का उपयोग कर ब्रिटेन में आय के नए स्रोत पैदा करेगी

**नयी दिल्ली एजेंसी।** डिजिटल परिवर्तन, परामर्श एवं बिजनेस रीइंजीनियरिंग सेवाएं एवं समाधान उपलब्ध कराने वाली अग्रणी कंपनी टेक महिन्द्रा ने आज घोषणा की कि वह ब्रिटेन में आय के नए स्रोतों और 1,000 नौकरियों का सृजन करेगी। प्रौद्योगिकी क्षेत्र की दिग्गज कंपनी टेक महिन्द्रा मिल्टन केन्स में अपनी मेकर्स लैब में साथ मिलकर नवप्रवर्तन के लिए ब्रिटेन में एक अग्रणी अकादमिक एवं अनुसंधान संस्थान के साथ गठबंधन करेगी। मेकर्स लैब ग्राहकों, साझीदार कंपनियों, अनुसंधान संस्थानों, विश्वविद्यालयों और स्टार्टअप्स के साथ भविष्य के समाधान एवं सेवाओं का साथ मिलकर नवप्रवर्तन करने के लिए एक अनुसंधान एवं विकास केंद्र है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन की भारत यात्रा के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर ब्रिटेन एवं भारत के बीच नए गठबंधन को लेकर उनकी घोषणा के बीच यह पहल की जा रही है। इसका लक्ष्य दोनों देशों में नवप्रवर्तन को गति देना और समृद्धि लाना है और साथ ही वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों की ताकत का उपयोग करना है। टेक महिन्द्रा ब्रिटेन में निवेश करने वाली शीर्ष प्रौद्योगिकी कंपनियों में से एक है और अकादमिक एवं अनुसंधान संस्थान के साथ टेक महिन्द्रा मेकर्स लैब ब्रिटेन और उन सभी 90 से अधिक देशों में जहां यह परिचालन करती है, एआई की वृद्धि के अगले चरण को प्रोत्साहित करेगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने कहा, श्ब्रिटेन और भारत के बीच व्यापार एवं निवेश से इन दोनों देशों में रोजगार और आजीविका के टिकाऊ साधनों का सृजन हो रहा है।

## पैनासोनिक लाइफ सॉल्यूशंस इंडिया ने मैन्युफैक्चरिंग इकाई का उद्घाटन किया

**नई दिल्ली एजेंसी।** पैनासोनिक कॉर्पोरेशन की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी पैनासोनिक लाइफसॉल्यूशंस इंडिया ने आज श्री सिटीए आंध्र प्रदेश में अपनी नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट खोलने की घोषणा की। इस यूनिट का उद्देश्य दक्षिणी क्षेत्र में कंपनी की उपस्थिति को मजबूत करना और कम से कम समय में अपने उत्पाद को मार्केट में पहुंचाकर ग्राहकों को प्रसन्नता प्रदान करके बाजार में तालमेल विकसित करना है। यह यूनिट पूरी तरह से ऑटोमेटेड है और 1,33ए584 वर्ग मीटर में फैली हुई है। और वर्तमान में 37, 025 वर्ग मीटर फ्लोर एरिया को कवर करती है। पश्चिम व उत्तर भारत में इस विद्युत उपक्रम को पूरी सुविधाओं के साथ स्थापित किया जा चुका है और अब दक्षिण भारत में इसे पूरी गुणवत्ता के साथ स्थापित किया जा रहा है। यह दक्षिण भारत में पहला विद्युत उपकरण निमार्ण बेस होगा। यह देश में सातवीं यूनिट है। कंपनी दो चरणों में कुल 600 करोड़ रुपये का निवेश करेगीए पहले चरण में 300 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। इस यूनिट के माध्यम सेए आंध्र प्रदेश में बुनियादी ढांचे के विकासए रोजगार के अवसर पैदा करने और औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। इस यूनिट की मदद से कंपनी भारत में अपनी क्षमता विस्तार करने के बड़े लक्ष्य को हासिल करने का प्रयास करेगी। साथ ही इस यूनिट के जरिए कंपनी 2030 तक अपने आप को कार्बन न्यूट्रल बनाने का प्रयास करेगी।

## आर्कीटेक्चरल सर्विस स्टार्टअप डांमउलीवनेमण्बवउ के साथ अपनी पसंद से करें अपने घर को डिजाइन

**नई दिल्ली एजेंसी।** ऑनलाईन आर्कीटेक्चरल सर्विसे प्लेटफॉर्म डांमउलीवनेमण्बवउ हर व्यक्ति को कस्टमाइड अनुभव प्रदान करता है। इस प्लेटफॉर्म पर ढेरों हाउस प्लान्स मौजूद हैए जहां ब्राउडिंग कर आप होम डि?ाइनिंग के लिए नए.नए आइडिया पा सकते हैं। अगर किसी यू?रध् कन्?्यूमर को कोई आइडिया अच्छा लगे तो इसे आसानी से ड्रॉइंग में बदला जा सकता है और आप इस प्लान को अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। इन डि?ाइनों के साथ आप अपने घर को नए तरीके से डेकोरेट कर सकते है और आपको आर्कीटेक्ट हायर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस ऐप के ?रिए आप बहुत मामूली सी लागत पर अपने लिए कस्टमाइड हाउस प्लान भी बना सकते हैं। इस अवसर पर श्री हुसैन जोहरए संस्थापक एवं क्रिएटिव हैडए डांमउलीवनेमण्बवउ इंडिया प्रा.लिमिटेड ने कहा एष्ष्उपभोक्ताओं की होम डिजाइनिंग संबंधी जरूरतों को पूरा करने और इस उद्योग की खामियों को दूर करने के लिए हमने डांमउलीवनेमण्बवउ की शुरुआत की। 2025 तक 11 मिलियन नए घर बनने का अनुमान है और तकरीबन 13 मिलियन घरों को रीन्यू किया जा सकता है। एक अनुमान के मुताबिक 2025 तक भारत तीसरा सबसे बड़ा कन्स्ट्रक्शन मार्केट होगा और रियल एस्टेट सेक्टर 1 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच जाएगा। साथ ही यह कृषि एवं निर्माण के बाद रो?गार देने वाला तीसरा सबसे बड़ा सेक्टर होगा। इस सेक्टर में आर्कीटेक्ट्सए इंटीरियर डिजाइनर्स और सिविल कॉन्ट्रैक्टर्स के लिए अपार संभावनाएं हैं। डांमउलीवनेमण्बवउ अपने ऑनलाईन दृष्टिकोण के साथ इन प्रोफेशनल्स की कमाई बढ़ाने में मदद करता है।

# रेलवे सीनियर सेकंडरी स्कूल, इटारसी में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**भोपाल (प्रटा)।** पश्चिम मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल इटारसी में प्रकृति माँ के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने के लिए पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने के लिए आयोजित निबंध लेखन एवं भाषण में छात्र/छात्राओं नें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर स्कूल के स्टॉफ श्री गंगाराम शर्मा, श्री उमेश चंद्र स्वर्णकार, श्री सत्य नारायण पटेल, श्री वीरेन्द्र गौतम, श्री जयंत बड़गे, श्रीमती रश्मि भार्गव, श्री सुरेश कुमार कोरडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी अपने छोटे प्रयासों से धरती माँ को स्वच्छ और प्रकृति के समस्त प्राणियों के रहने योग्य रख सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित छात्र/छात्राओं और स्कूल के सभी स्टॉफ नें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।




# भारतीय रेल ने रेलवे के माध्यम से कोयले की आपूर्ति में 11.1 करोड़ टन की बढ़ोतरी की

**बिजली क्षेत्र के लिए कोयले के लदान को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से कई कदम उठाए गए**

**जबलपुर।** भारतीय रेल सभी बिजली संयंत्रों के लिए कोयले की मुख्य आपूर्तिकर्ता है और वर्ष 2021-22 और वर्तमान अप्रैल महीने में बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति बढ़ाने के लिए कई अहम उपाय किए गए हैं। वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान भारतीय रेल ने रेलवे के माध्यम से कोयले की ढुलाई रिकॉर्ड 11.1 करोड़ टन बढ़ा दी और इस साल कुल 65.3 करोड़ टन कोयले का लदान किया, जो पिछले साल के 54.2 करोड़ टन की तुलना में 20.4 प्रतिशत ज्यादा है।

इसके अलावा सितंबर, 21 से मार्च, 22 तक सिर्फ दो तिमाहियों के दौरान बिजली क्षेत्र के लिए कोयले की आपूर्ति में 32 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई। अप्रैल, 2022 में, भारतीय रेल ने बिजली क्षेत्र के लिए कोयले के लदान को प्राथमिकता देते हुए कई कदम उठाए, जिससे सिर्फ एक सप्ताह के भीतर कोयले की आपूर्ति 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ गई। भारतीय रेल द्वारा किए गए विभिन्न उपायों के चलते ही यह सुधार संभव हुआ है, जो निम्नलिखित हैं- कोयले से भरी ट्रेनों की आवाजाही को प्राथमिकता दी गई और लदान से परिवहन और आखिर में उतार तक पूरे चक्र के दौरान हर ट्रेन की गहन निगरानी की गई। प्राथमिकता और निगरानी के माध्यम से अहम बिजली संयंत्रों के लिए कोयला ट्रेनों का पारगमन समय 12-36 प्रतिशत तक घट गया है। भारतीय रेल ने ज्यादा दूरी पर स्थिति बिजली संयंत्रों को आपूर्ति को प्राथमिकता दी है, जिसकी पुष्टि इस तथ्य से होती है कि 1 से 10 अप्रैल तक की औसत लीड की तुलना में पिछले 5 दिनों में कोयला ट्रेनों की औसत लीड में 7 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी हो गई है। कोयला ट्रेनों की औसत लीड में बढ़ोतरी के बावजूद इन भंडारों के लिए एक ही रैक की दो लगातार लोडिंग में लगने वाला समय 10 प्रतिशत तक घट गया है। संचालन से जुड़े इन नवाचारों के साथ भारतीय रेल ने बिजली संयंत्रों के लिए कोयला ट्रेनों की आपूर्ति में बढ़ोतरी की है, साथ ही टिकाऊ आधार पर ज्यादा कोयला रैकों का लदान किया है। भारतीय रेल पूरी तरह तैयार है और उसने बिजली संयंत्रों को उच्च स्तर के कोयले की आपूर्ति सुनिश्चित रखने के लिए सभी संसाधनों को लगा दिया है और वह कोयला कंपनियों द्वारा साइडिंग्स/ गुड शेड्स तक लाए गए घरेलू कोयले और बंदरगाहों तक लाए गए आयातित कोयले के उठान के लिए प्रतिबद्ध है।

## विश्व पुस्तक दिवस पर डीजल लोको शेड इटारसी में लगाई पुस्तक प्रदर्शनी।



**भोपाल।** विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस के अवसर पर भोपाल मंडल के डीजल लोको शेड, इटारसी में पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई एवं पुस्तक पढ़ने के लिए कमर्चारियों को प्रोत्साहित किया गया। ज्ञात हो कि पुस्तक दिवस को खास तौर से किताबें पढ़ने, लिखने, ट्रांसलेट, पब्लिशिंग और कॉपीराइट के महत्व को दर्शाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन पुस्तकों और लेखकों को विश्वव्यापी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए और सभी को पुस्तकों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रण लिया जाता है।

## एलटीटी-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस प्रारंभिक स्टेशन से री-शेड्यूल की गई

**भोपाल।** यात्रीगण कृपया ध्यान दें, आज दिनांक 23.04.2022 को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से चलकर लखनऊ को जाने वाली गाड़ी संख्या 22121 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस अपने निर्धारित प्रस्थान समय 13.40 बजे से 03.35 घंटे री-शेड्यूल होकर लोकमान्य तिलक टर्मिनस स्टेशन से 17.15 बजे प्रस्थान कर गन्तव्य को जाएगी। तदनुसार यह गाड़ी भोपाल मण्डल के रानी कमलापति स्टेशन पर विलंबित हो सकती है।

## वोटर कार्ड स्पीड पोस्ट से घर आयेगामोबाइल पर मिलेगा मैसेज

**सीहोर (प्रटा)।** अब वोटर कार्ड के लिये आवेदन करने के बाद कलेक्ट्रेट और तहसील दफ्तरों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, क्योंकि अब घर बैठे स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाया जायेगा। पहले वोटर आईडी कार्ड पहुंचाने की जिम्मेदारी बीएलओ की हुआ करती थी, लेकिन इस बार चुनाव आयोग ने डाक विभाग को यह जिम्मेदारी दी है। प्रदेश के सभी जिलों में अप्रैल माह से स्पीड पोस्ट के जरिये कार्ड पहुंचाये जायेंगे। इसके लिये वोटर्स को कोई फीस नहीं देना होगा।

## कसरावद में आयोजित स्वास्थ्य मेले में 846 मरीजों का हुआ उपचार

**खरगोन सं।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसरावद में शनिवार को स्वास्थ्य मेंले का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेले का शुभारंभ खरगोन-बड़वानी सांसद श्री गजेंद्र पटेल द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान सांसद श्री पटेल ने बताया कि विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेले में अधिक से अधिक हितग्राही आए व अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराए व निःशुल्क उपचार पाए। आयोजित स्वास्थ्य मेले में कम मरीजों की संख्या होने पर सांसद श्री पटेल द्वारा अनुविभागीय अधिकारी श्री संघप्रिय एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आफताब लोधी को एक माह के अन्दर बैठक आयोजित कर पुनः स्वास्थ्य मेले आयोजित करने के लिए निर्देशित किया है। जिसमें कम से कम 5 से 6 हजार की संख्या में हितग्राही स्वास्थ्य लाभ ले सके। स्वास्थ्य मेले में एएनसी चेकअप, ईएनटी, टीकाकरण, कुष्ठटीबी, हड्डी रोग, आरबीएसके, सर्जरी, नेत्र, आयुष विभाग, महिला बाल विकास, आयुषमान कार्ड, हेल्थ आईडी कार्ड खेल एवं युवा कल्याण विभाग, मानसिक रोग, एनसीडी, परिवार कल्याण, नियमित एवं कोविड टीकाकरण, शिशु रोग, जनरल मेडिसीन, ब्लड जांच आदि के अलग अलग स्वास्थ्य काउंटर बनाये गए थे। स्वास्थ्य मेले में दोपहर 04 बजे तक 846 हितग्राहीयों को स्वास्थ्य मेले में लाभान्वित किया गया। जिसमें बिमारी के अनुसार उपस्थित चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा उचित उपचार एवं सलाह भी दी गई। स्वास्थ्य मेले में पूर्व विधायक श्री आत्माराम पटेल, ब्लाक मेडिकल ऑफिसर, डॉ. चन्द्रेश दीक्षित, बीपीएम गिरनारसिंह भूरियां, बीईई उमा यादव, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सीएचओ, एएनएम, एमपीएचडब्ल्यू, एवं अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

**आयुष विभाग द्वारा शिविर में आमजनों को कराया योगाभ्यासः** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसरावद में आयोजित स्वास्थ्य मेले में आयुष विभाग द्वारा आयुर्वेद चिकित्सा शिविर लगाया गया। शिविर में योग प्रशिक्षक और सहायक द्वारा आमजनों को योगाभ्यास कराया गया। इस दौरान खरगोन-बड़वानी सांसद श्री गजेन्द्र पटेल और प्रतिनिधियो द्वारा आयुष शिविर का अवलोकन किया गया। वहीं आयुष विभाग द्वारा संचालित वैद्य आपके द्वार योजना की सराहना भी की।

## महेश्वर में होगा दो दिनी सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन

**खरगोन सं।** खरगोन-बड़वानी सांसद श्री गजेन्द्र सिंह पटेल की सकारात्मक सोच एव प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के खेलो इंडिया थीम के परिप्रेक्ष्य में 25 से 26 अप्रैल दो दिवसीय महेश्वर विधानसभा स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में 19 वर्ष से कम एवं अधिक आयुवर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए खो-खो, कबड्डी, 100 एवं 200 मिटर की दौड़ प्रतियोगिताएं आयोजित होगी। प्रतियोगिता में विकासखण्ड पर विजेता दलों ( विजेता एवं उपविजेता ) के जिला स्तर पर सहभाग करना होगा। जिला स्तर पर विजेता दलों को प्रथम पुरस्कार 21 हजार रूपये, द्वितीय 11 हजार रूपये एवं तृतीय स्थान पाने वाले को 7100 रूपये का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। देश एवं आदिवासी/अनुसूचित जाति क्षेत्र में खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने एवं उन्हें खेलों में बढ़ावा देने के लिए यह स्पर्धा आयोजित की जा रही है। सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ 25 अप्रैल को दोपहर 04 बजे एवं प्रतियोगिता का समापना 26 अप्रैल को रात्रि मं होगा। प्रतियोगिता में आगंतुक एवं प्रतियोगी दलों के लिए भोजन और आवास की व्यवस्था की गई है।

**मप्र पुलिस द्वारा डी रेडिकलाइजेशन/काउंटर**

# रेडिकलाइजेशन पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

**भोपाल (प्रटा)।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा डी रेडिकलाइजेशन काउंटर रेडिकलाइजेशन रणनीतियों पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन श्यामला हिल्स के एकीकृत सुरक्षा परिसर में किया गया, जिसका उद्घाटन श्री सुधीर कुमार सक्सेना, पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश ने किया।



अपने उद्घाटन भाषण में पुलिस महानिदेशक ने मैदानी अधिकारियों के लिए रेडिकलाइजेशन की अवधारणा को समझाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कट्टरपंथ से प्रभावित या उग्र होने वाले युवाओं की पहचान करने के लिए संस्थागत तंत्र बनाने की आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया। पुलिस महानिदेशक ने युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के विचार से बनाए गए भौतिक और वर्चुअल प्रेरक स्थानों की निगरानी करने की आवश्यकता भी रखी। इसी क्रम में पुलिस महानिदेशक ने कट्टरपंथ को खत्म करने की प्रक्रिया में परिवार और समाज के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि जब तक मैदानी अधिकारी समाज के साथ तालमेल विकसित नहीं करते हैं और लोगों तथा पुलिस के बीच विश्वास की भावना विकसित नहीं होती है, तब तक कोई भी काउंटर रेडिकलाइजेशन प्रक्रिया संभव नहीं है। पुलिस महानिदेशक ने कार्यशाला के आयोजकों को सही दिशा में उठाए गए कदम के लिए बधाई देते हुए उद्बोधन का समापन किया। यहां उल्लेखनीय है कि विगत वर्ष माननीय प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित पुलिस महानिदेशक / पुलिस महानिरीक्षक सम्मेलन की एक महत्वपूर्ण अनुशंसा डिरेडिकलाइजेशन / काउंटर रेडिकलाइजेशन संबंधी किए गए प्रयास भी है। श्री सक्सेना द्वारा मध्य प्रदेश में कट्टरपंथ विरोधी प्रयासों के लिए एक विस्तृत संस्थागत ढांचे की स्थापना की परिकल्पना की गई है। कार्यशाला को वरिष्ठ अधिकारीगण श्री आर.के. शुक्ला (पूर्व पुलिस महानिदेशक, मध्यप्रदेश और निदेशक सीबीआई) श्री अतुल एम. कुलकर्णी (अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, जेल, महाराष्ट्र), श्री साजिद फरीद शापू ( पुलिस महानिरीक्षक, कानून और व्यवस्था, मध्यप्रदेश) और श्रीमती पुष्पांजलि (उप निदेशक, आईबी, नई दिल्ली) द्वारा संबोधित किया गया। राज्य के भीतर और बाहर के अतिथि वक्ताओं ने इस विषय पर विचार किया और श्रोताओं के साथ अपने अनुभव और ज्ञान को साझा किया। समापन सत्र की अध्यक्षता श्री आदर्श कटियार, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, गुप्तवार्ता, मध्यप्रदेश द्वारा की गई। कार्यशाला में मध्यप्रदेश पुलिस के पुलिस अधीक्षक और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के कुल 30 अधिकारी सम्मिलित हुये। कार्यशाला में जिला बल, एटीएस और पुलिस मुख्यालय के भी अधिकारीगण उपस्थित रहे। यह हाल के वर्षों में मध्यप्रदेश पुलिस विशेष प्रशिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित अपनी तरह की एक अनूठी कार्यशाला थी।




**जबलपुर। पृथ्वी दिवस के अवसर पर जबलपुर स्थित आकाश+बीवाईजेयू केंद्र के अधिकारियों ने शहर में पौधरोपण किया। मोनिका परमार, प्रिंसिपल, रयान इंटरनेशनल स्कूल, स्कूल स्टाफ के साथ आकाश+बीवाईजेयू के अधिकारियों के साथ गतिविधि के दौरान उपस्थित थे। उन्होंने पेड़ लगाने के महत्व और हमारी पृथ्वी को संरक्षण की आवश्यकता के बारे में भी अपने विचार साझा किए।**

## शहरी क्षेत्र के श्रमिकों को मिलेगी वृद्धावस्था पेंशन

**सीहोर (प्रटा)।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि शहरी क्षेत्रों के असंगठित श्रमिकों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का लाभ दिया जायेगा। योजना में पंजीयन का कार्य शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि ÷आजादी के अमृत महोत्सव÷ में सभी पात्र श्रमिकों का पंजीयन अभियान चलाकर किया जाये। इस योजना में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में पेंशन एवं सामाजिक सुरक्षा का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना का लाभ स्ट्रीट वेन्डर, मिड-डे-मील वर्कर, बोझा ढोने वाले, ईंट भट्ठा मजदूर, मोची, कूड़ा बीनने वाले, घरेलू कामगार, धोबी, रिक्शा चालक, भूमिहीन मजदूर, कृषि श्रमिक, निर्माण श्रमिक, बीड़ी श्रमिक, हथकरघा श्रमिक, चमड़ा श्रमिक, दृश्य-श्रव्य बाधित श्रमिक, दैनिक वेतन भोगी, सफाई कर्मचारी, ऑउटसोर्स संस्था द्वारा नियोजित कर्मचारी/सफाई कर्मचारी या इसी तरह के अन्य व्यवसाय में काम करने वाले श्रमिकों को दिया जा सकता है।

## खाद्य लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन लेना अनिवार्य

**सीहोर सं।** खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अंतर्गत समस्त प्रकार के छोटे-बड़े खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन लेना कानूनन अनिवार्य है। बिना लाइसेंस, रजिस्ट्रेशन के खाद्य कारोबार करने पर 6 माह की सजा एवं अधिकतम 2 लाख रूपये तक जुर्माने का प्रावधान है। खाद्य कारोबारकर्ता जो सालाना 12 लाख रूपये से अधिक का खाद्य कारोबार करते हैं उन्हें लायसेंस लेना है जिसके लिये 2 हजार रूपये का शुल्क प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है। लायसेंस एवं पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेज नक्शा, आधार कार्ड की फोटोकापी, दुकान के पते का दस्तावेज, बिजली बिल साथ में लाना होगा। ऐसे खाद्य कारोबारकर्ता जो सालाना 12 लाख रूपये तक का खाद्य कारोबार करते हैं। उन्हें रजिस्ट्रेशन ( पंजीयन ) लेना अनिवार्य है। जिसके लिये 100 रूपये का शुल्क प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया है।

## वैज्ञानिक आयुर्वेद समय की मांग है :माधवबाग

**भोपाल।** वैज्ञानिक आयुर्वेद को जल्द ही बढ़ावा मिलने वाला है क्योंकि पूरे देश से लगभग 2 हजार आयुर्वेदिक डॉक्टर्स भोपाल में होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं जहां विशेषज्ञ इस बारे में बात करेंगे कि मधुमेह ;डायबिटीजद्ध और हृदय.संवहनी रोग ;कार्डियो.वैस्कुलरद्ध जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों के साथ आधुनिक तकनीक को कैसे मिश्रित किया जाए। चर्चा का नेतृत्व वैद्य साने आयुर्वेद लैबोरेटरीज लिमिटेड ;माधवबागद्ध के एमडी और सीईओ डॉण् रोहित माधव साने करेंगेए जिन्होंने इस अनूठी विधि के माध्यम से दस लाख से अधिक रोगियों का सफ्लतापूर्वक इलाज किया है। डॉण् साने रोगियों में टाइप 2 मधुमेह ;ज्2क्डद्ध का इलाज करने के अपने अनुभव के बारे में विस्तार से बताते हुए पेपर पेश करेंगे। हर्बल दवाइयोंए व्यायामए आहार और पंचकर्म चिकित्सा के संयोजन के साथए डॉण् साने के नेतृत्व वाले माधवबाग ने अब तक 22ए000 रोगियों में ज्2क्ड को सफ्लतापूर्वक उलट दिया है ।विभिन्न रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि लगभग 10.13 प्रतिशत भारतीय ज्2क्ड से पीडि़त हैंए जबकि जनसंख्या के समान अनुपात में लोगों को दीर्घकालिक हृदय रोग भी हैं। डॉण् साने चिकित्सा प्रयोगशालाओं में होने वाली ईसीजीए एचबीए1सीए कार्डियक स्ट्रेस टेस्ट और अन्य डायग्नोस्टिक टूल्स जैसी वैज्ञानिक रिपोर्टों के इस्तेमाल पर भी चर्चा करेंगे और बताएंगे कि इनसे कैसे कार्डियो. वैस्कुलर के लक्षणों की पहचान होती है ।इस दो दिवसीय कार्यक्रम . राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा सम्मेलन और संगोष्ठी श्संयोजनम् . 22श् का आयोजन विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा भोपाल में 22 से 24 अप्रैल 2022 तक अपने स्वर्ण जयंती समारोह और आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में किया जाएगा।

# दंगा प्रभावितों के घर पहुँचकर सांसद ने प्रदान की सहायता राशि

**खरगोन (सं)।** शहर में 10 अप्रैल रामनवमी जुलूस के दौरान हुए पथराव के बाद कई क्षेत्रों में नागरिकों के मकान, वाहन, ठेला और खाद्य सामग्री की क्षति हुई है। कलेक्टर श्रीमती अनुग्रहा पी के निर्देशों पर अलग-अलग विभागों की सर्वे टीम ने सर्वे कर पंचनामा बनाये है। वहीं राज्य शासन द्वारा प्रभावितों को तात्कालिक 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि स्वीकृत कर दी है। इसके बाद राजस्व विभाग के अमले ने प्रभावितों के बैंक अकाउंट लेकर वेंडर बनाकर राहत राशि प्रदान करने की प्रक्रिया पूरी की है। यह राशि आंशिक, गंभीर और पूर्ण क्षति के रूप में आंकलित की गई है। शनिवार को सांसद गजेंद्र सिंह पटेल ने प्रभावितों के घर जाकर राहत राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किये है। इन दौरान जिला अध्यक्ष राजेन्द्र राठौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम महाजन, कल्याण अग्रवाल, रंजीत डंडीर, राजेंद्र यादव व अधिकारियों में कलेक्टर श्रीमती अनुग्रहा पी. पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंकित जायसवाल, एएसपी डॉ. नीरज चौरसिया, एसडीएम मिलिंद ढोके, तहसीलदार योगेंद्र मौर्य सहित राजस्व विभाग का अमला उपस्थित रहा।



सासंद पटेल ने इसकी शुरुआत संजय नगर क्षेत्र से की यहां के प्रभावितों में रमेश पिता काशीराम के मकान को गम्भीर हानि होने, बद्री पिता फत्तु के मकान को गम्भीर हानि, दुर्गेश पिता नवलसिंह के मकान को गम्भीर हानि होने, नत्थु पिता मथुरालाल के मकान वाहन के गम्भीर हानि, मंगतीबाई पिता नवलसिंह के मकान को गम्भीर हानि होने, पन्नालाल पिता रणछोड़ के दो मंजिला पक्के मकान को गम्भीर हानि होने, मंजूबाई बेवा दिपक केवट के मकान को गम्भीर हानि होने एवं महेश पिता मोतीराम के मकान को गम्भीर हानि होने पर 101100-101100 रूपये की राशि के स्वीकृति पत्र प्रदान किये। इसी प्रकार संजय नगर के अमित पिता रघुनाथ के ऑटो एवं मकान को आंशिक क्षति होने पर 88322 रूपये, मनीष पिता रमेश गुप्ता के मकान को पूर्ण हानि होने पर 84798 रूपये, लीलाबाई पिता छगन के मकान को आंशिक हानि होने पर 76602 रूपये, मनोहर पिता मोहन के मकान को आंशिक हानि होने पर 62355 रूपये एवं रुकमणी पिता फतु के मकान को आंशिक हानि होने पर 61504 रूपये की राशि जारी की है। संजय नगर निवासी दुगाबाई पिता नारायण को आंशिक मकान क्षति पर 50283 रूपये, रामलाल पिता रणछोड़ आंशिक मकान क्षति पर 49583 रूपये, गायत्री पिता पुनमचन्द्र को आंशिक मकान क्षति 45088 रूपये, प्रकाश पिता पुनमचन्द्र को आंशिक मकान क्षति के लिए 41542 रूपये, कैलाश पिता किशन मकान और दो पहिया वाहन की क्षति होने पर 34458 रूपये, रक्षा पिता प्रकाश को सामग्री की आंशिक होने पर 6 हजार रूपये की राशि जारी की है। राहत राशि सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। सांसद श्री पटेल ने संजय नगर के अलावा काजीपुरा में मुजीब खान को 21 हजार, पार्वती छगन को 51 हजार 600 सो कुसुम गंगाराम व रितेश राधाकृष्ण को तवड़ी मोहल्ला के प्रभावितों को स्वीकृति पत्र प्रदान किये। समाचार लिखे जाने तक सांसद श्री पटेल भाटवाड़ी क्षेत्र के प्रभावितों को सहायता राशि प्रदान करने पहुँचे हैं।

## एक्सप्रेस न्यूज

### संजय सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक बने



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ की नवगठित कार्यकारिणी में भोपाल के भाजपा नेता संजय मिश्रा, पिंटू भैया को प्रदेश सह संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है। यह जिम्मेदारी भाजपा प्रदेशाध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा के निर्देश पर सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक प्रदीप नायर ने द्वारा दी गई है कार्यकारिणी में स्थान दिए जाने पर भाजपा नेता संजय मिश्रा ने प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त किया है। विदित हो कि संजय मिश्रा सन 1990 राम जन्मभूमि राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े रहे एवं पूर्व में विद्यार्थी परिषद में लंबे समय उन्होंने कार्य किया है। उनकी नियुक्ति से भोपाल के पुराने कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है और उन्होंने गाजे बाजे के साथ जुलूस निकालकर संगठन का आभार व्यक्त किया गया।

### संत सिद्धभाऊ ने किया 'सिंधियत जिंदाबाद का विमोचन'

**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रयासों से वरिष्ठ बुजुर्ग साहित्यकार भोजराज खेमानी 'क्रांति' मुंबई द्वारा लिखित सिंधियत की खुशबू से भरपूर पुस्तक 'सिंधियत जिंदाबाद' का विमोचन, संत हिरदाराम साहब के गद्देसर संत सिद्धभाऊ द्वारा संतजी की कुटिया में संपन्न किया गया। इस अवसर पर सिद्धभाऊ ने बताया कि मातृभाषा का विकास



तब संभव है जब हम बच्चों से घर में ही मातृभाषा में बात करना प्रारंभ करें। सिद्धभाऊ जी ने इस मौके पर पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी को कहा कि जीवन साकार करने के लिए शेष जीवन भी 'सेवा कार्य' में लगाएं। रीझवानी ने उसे सहर्ष स्वीकार किया। काउंसिल के महासचिव गुलाब जेठानी ने कहा कि खेमानी 'क्रांति जी' के क्योंकि उनके पुस्तक के विमोचन के अवसर पर ही संत सिद्धभाऊ द्वारा सिंधी काउंसिल के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया।

### तोलानी को बधाई देने पहुंचे सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी





संत हिरदाराम नगर। संत नगर के वरिष्ठ समाजसेवी नरेश तोलानी को उनके उत्कृष्ठ सेवा कार्यों और जन्मदिन की बधाई देने के लिए संत नगर की सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी उनके यहां पहुंचे। उन्हें बधाई देने वालों में संत नगर के समाज सेवी हीरो ज्ञानचंदानी, पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबू रीझवानी, माधू चांदवानी,हीरो केसवानी, माधू पारदासानी, नंद दादलानी, गुलाब जेठानी, महेश खटवानी, जयेश तोलानी, बबलू टेकचंदानी, पत्रकारों में महेश दादलानी, हीरो लालवानी, रवि नाथानी, रमेश हिमथानी, सुरेश जसवानी, नरेश कीर्तानी, कमलेश वरलानी आदि मौजूद रहे।

### दाना-पानी अभियान: मेरी निर्बल संतान की मेरी सबल संतान ने रक्षा की है: सिद्धभाऊ

**संत हिरदाराम नगर।** जब आप पक्षियों को दाना-पानी देंगे तो वो आप को भी उड़ना सिखा देंगे। पक्षियों के साथ जब हमारा मन मिल जाएगा तो हम अनुभूति करेंगे कि हम उड़ रहे हैं। यह कहना है ब्रह्मलीन संत हिरदाराम जी के शिष्य सिद्धभाऊ जी का। सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी ऑडिटोरियम में विद्यार्थियों को पशु-पक्षियों को दाना पानी देने के लिए जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि आप बच्चों को समय-समय पर जो संस्कार देते हैं वही संस्कार एक सच्ची पूंजी है। इस अवसर पर नन्हे-मुन्हें बच्चें मूक पशु-पक्षी बनें। कार्येक्रम में समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी, आइलदास साधवानी, प्राचार्या वर्षा त्रिपाठी, उपप्राचार्या स्वाति कलवानी, दीपा आहूजा, आदि मौजूद रही। मंच संचालन भावना कलवानी किया।



### स्कूलों में मनाया गया 'विश्व पृथ्वी-दिवस'





**संत हिरदाराम नगर।** मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में 'विश्व पृथ्वी दिवस' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परम श्रद्धेय सिद्ध भाऊजी ने कहा कि भौतिक विलासिता एवं जनसंख्या वृद्धि ने प्राकृतिक संसाधनों पर अनावश्यक बोझ डाला है। 'विश्व पृथ्वी-दिवस' कार्यक्रम का मूल उद्देश्य जीवन-संपदा की सुरक्षा, संसाधनों का सही उपयोग व पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता पैदा करना है। प्रत्येक छात्र का दायित्व है कि वह प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनें। संस्था सचिव ए.सी. साधवाणी ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर छात्रों ने एक लघु नाटिका का मंचन कि जिसके द्वारा पृथ्वी को संरक्षित करने के उपाय बताये। विद्यालय प्राचार्य डॉ. अजयकांत शर्मा एवं उप-प्राचार्या रीटा गुरबानी ने भी छात्रों को संबोधित किया।

### विश्व पर्यावरण शोधन के लिए पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार

**भोपाल।** गायत्री परिवार शाखा काकड़ा अभिनव होम्स अयोध्या बायपास रोड भोपाल द्वारा 22 अप्रैल से कलश शोभायात्रा के साथ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ हुआ। पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों लोगों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर विश्व पर्यावरण शोधन एवं सुख शांति की स्थापना के लिए आहुति समर्पित की। सुबह गायत्री यज्ञ और शाम को प्रवचन का कार्यक्रम गायत्री शक्तिपीठ भोपाल की टोली के माध्यम से किया जा रहा है। इसमें सभी से अपेक्षा की जा रही है कि इस आयोजन में सभी प्रकार के संस्कार नि:शुल्क कराए जा रहे हैं। इस के लिए पंजीयन कराए जा रहे हैं जैसे दीक्षा, पुंसवन जन्मदिन, संस्कार आदि हैं, जो रविवार को पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ संपन्न किए जाएंगे। यह कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ नागरिक मंडल काकड़ा अभिनव होम्स के तत्वाधान में किया जा रहा है।

### नवोदय विद्यालय की 6वीं कक्षा की प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को

**भोपाल।** नवोदय विद्यालय में कक्षा-6वीं में प्रवेश के लिये राष्ट्रीय स्तर की चयन परीक्षा नियत परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा 30 अप्रैल शनिवार को सुबह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित होगी। जिन परीक्षार्थियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन किया है वे समिति की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

# बदहाली की शिकार हो रही हैं गैस राहत डिस्पेंसरियां

**डॉक्टरों की जगह दूसरे कर रहे इलाज, गैसपीड़ित हाईकोर्ट में करेंगे मामले की शिकायत**

**भोपाल ■ राज न्यूज नेटवर्क**



राजधानी में गैसपीड़ितों के लिए स्थापित गैस राहत डिस्पेंसरियों की बदहाली को लेकर गैसपीड़ित संगठनों ने एक बार फिर सरकार और गैस राहत विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला है। गैसपीड़ित संगठन भोपाल ग्रुप फॉर इफार्मेशन एंड एक्शन की रचना ढींगरा ने शनिवार को बताया कि गैस राहत अस्पतालों और डिस्पेंसरियों की हालत दिन पर दिन बिगड़ती जा रही है,और किसी अधिकारी या मंत्री को इसकी चिंता नहीं है।

रचना ने आरोप लगाया कि आये दिन गैसपीड़ित इस अव्यवस्था को लेकर उनसे शिकायतें कर रहे हैं, इसी हफ्ते इब्राहिमगंज पॉली क्लिनिक और रुकमा बाई गैस राहत डिस्पेंसरी में डॉक्टर नदारद रहे और पर्चा बनाने वाले या अन्य किसी बाबू को लोगों को देखकर दवाई देने को बोल देते हैं।

शनिवार को ही रुकमा बाई डिस्पेंसरी में हरिओम, जो वहां का प्रशासनिक काम देखते हैं,वो मरीज देख रहे थे क्योंकि पता चला कि वहां के डॉक्टर अपने निजी काम से कहीं चले गए थे। बाकी के गैस राहत अस्पतालों में भी हालात बहुत खराब हैं। संगठनों और पीड़ितों का आरोप है कि, क्लास वन मेडीकल ऑफिसर अपनी ड्यूटी के समय से 2 या 3 घंटे बाद आते हैं, और उसके बाद अपने कामों में व्यस्त रहते हैं। ज्यादातर गैस राहत अस्पतालों में मेडिकल स्पेशलिस्ट उपलब्ध नही हैं।

#### नहीं दिख रहा कोई बदलाव

रचना के मुताबिक गैस राहत अधिकारियों को इसके बारे में बताने के उपरांत भी कोई बदलाव होते नहीं दिख रहा है। गैस पीड़ितों का इलाज करना तो दूर विभाग उन्हें मौत के मुह में ढकेलने की पुरजोर कोशिश कर रहा हैं। लिहाजा अब संगठनों का कहना है कि इस सब की जनकारी गैस पीड़ित संगठन मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय मे गैस पीड़ितों के स्वास्थ्य से लंबित याचिका में रखेंगे।

## परिवहन विभाग का सारथी सुस्त कियोस्क संचालकों का फायदा

**भोपाल।** राजधानी का आरटीओ कोकता स्थित नए भवन में शिफ्ट होने के बाद से डीएल बनवाने की व्यवस्था करीब सप्ताहभर बाद भी पटरी पर नहीं आ पाई है, इस बीच सरथी पोर्टल पर सॉफ्टवेयर में आ रही तकनीकी समस्याओं और सर्वर डाउन होने के चलते डीएल के आवेदकों को ऑनलाइन समय मिलने में परेशानी हो रही है।

**परेशानी**
**डीएल आवेदकों को स्लॉट मिलने में दिक्कत**

इधर इस बात का सीधा फायदा कियोस्क संचालक उठा रहे हैं, जो कि लोगों से परिवहन विभाग द्वारा तय आवेदन शुल्क के साथ ही अतरिक्त पैसे ले रहे हैं। इतना ही नहीं महिलाओं और लड़कियों के डीएल आवेदन पर कोई शुल्क नहीं होने के बाद भी उनसे भी कियोस्क संचालक फीस के नाम पर पैसे ऐंठ रहे हैं, उधर मामले की जानकारी होने के बाद भी परिवहन विभाग इस मामले में कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया है। कई आवेदकों का कहना है कि लर्निंग और परामार्नेट डीएल के लिए आवेदन करने में तकनीकी समस्या आ रही है। स्लॉट मिलने में भी परेशानी हो रही है। इधर लर्निंग लायसेंस के आवेदकों की शिकायत है कि सर्वर डाउन और अन्य समस्याओं के चलते उन्हें मजबूर हो कर कियोस्क के जरिये आवेदन करना पड़ रहा है, इसके लिए उन्हें अतरिक्त पैसे खर्च करने पड़ रहे हैं। इधर तकनीकी समस्या के और आवेदकों को स्लॉट नहीं मिल पाने की वजह स ऑनलाइन डीएल बनने की संख्या भी घटकर आधी रह गई है, प्रतिदिन जहां ढाई से तीन सौ डीएल बनते थे, वहीं अब सौ डेढ़ सौ ही बन पा रहे हैं। कुछ महिला आवेदकों की शिकायत है, कि उनसे कियोस्क पर फीस के नाम पर राशि ली गई। जबकि परिवहन विभाग ने महिलाओं और लड़कियों के लिए डीएल की फीस काफी पहले से माफ कर रखी है। लेकिन परिवहन विभाग की तकनीकी समस्याओं के चलते कियोस्क संचालकों की चांदी हो रही है।

### शंकर व्याख्यानमाला में कार्य-कारण विवेक पर व्याख्यान आज

**भोपाल।** शंकर व्याख्यानमाला के 43वें संस्करण में रविवार 24 अप्रैल को सुबह 11 बजे चिन्मय मिशन कोयम्बटूर के आचार्य स्वामी अनुकूलानंद सरस्वती द्वारा कार्य-कारण विवेक विषय पर व्याख्यान दिया जाएगा। प्रमुख सचिव संस्कृति और आचार्य शंकर सांस्कृतिक एकता न्यास के न्यासी सचिव शिव शेखर शुक्ला ने बताया कि न्यास द्वारा अद्वैत वेदांत के लोक व्यापीकरण के लिए प्रतिमाह व्याख्यान किया जाता है। आम जनमानस में ब्रह्म बोध को सुगम बनाने के लिए इस विशेष शृंखला में पंचकोश विवेक, अवस्थात्रय विवेक, शरीरत्रय विवेक, पंचभूत विवेक और दृग-दृश्य विवेक के बाद अब कार्य-कारण विवेक विषय के माध्यम से अनित्य का निषेध और नित्यब्रह्म का अनुसंधान किया जाएगा। व्याख्यानमाला का लाइव प्रसारण न्यास के यूट्यूब चैनल और फेसबुक पेज पर किया जाएगा।

#### वेदान्त का व्यापक प्रचार प्रसार

स्वामी अनुकूलानंद सारस्वती ने दो वर्षों तक सांदीपनी साधनालय, चिन्मय मिशन में वेदांत का अध्ययन किया। उन्होंने 15 अगस्त, 2000 को ब्रह्मचर्य दीक्षा और वर्ष 2013 में शिवरात्रि के पावन दिवस पर स्वामी तेजोमयानंद सरस्वती से संन्यास दीक्षा प्राप्त की। स्वामीजी अखिल भारतीय चिन्मय युवा केंद्र, दक्षिण क्षेत्र के निदेशक के साथ चिन्मय अंतर्राष्ट्रीय आवासीय विद्यालय, कोयम्बटूर के आवासीय निदेशक के रूप में भी कार्यरत हैं। साथ ही चिन्मय एजुकेशन सेल के बोर्ड सदस्य तथा चिन्मय विश्वविद्यापीठ प्रबंधन बोर्ड के भी सदस्य हैं। स्वामीजी भगवद्गीता, उपनिषद् एवं आधुनिक समस्याओं के भारतीय समाधान आदि विषयों पर व्याख्यानों और शिविरों का आयोजन करते हुए वेदान्त का व्यापक प्रचार प्रसार कर रहे हैं।

## रेलवे स्कूल में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**भोपाल।** पश्चिम मध्य रेलवे सीनियर सेकेंडरी स्कूल इटारसी में प्रकृति मां के प्रति अपने कर्तव्यों को समझने के लिए पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के प्रति कर्तव्यों को समझने के लिए आयोजित निबंध लेखन एवं भाषण में छात्र-छात्राओं नें बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। स्कूल के स्टॉफ गंगाराम शर्मा, उमेश चंद्र स्वर्णकार, सत्य नारायण पटेल, वीरेन्द्र गौतम, जयंत बड़गे, रश्मि भार्गव, सुरेश कुमार कोरडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी अपने छोटे प्रयासों से धरती मां को स्वच्छ और प्रकृति के समस्त प्राणियों के रहने योग्य रख सकते हैं। इस अवसर पर उपस्थित छात्र-छात्राओं और स्कूल के सभी स्टॉफ नें पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया।


### डीजल लोको शेड में लगाई पुस्तक प्रदर्शनी

**भोपाल।** विश्व पुस्तक और कॉपीराइट दिवस के अवसर पर भोपाल मंडल के डीजल लोको शेड, इटारसी में पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई एवं पुस्तक पढ़ने के लिए कमर्चारियों को प्रोत्साहित किया गया। ज्ञात हो कि पुस्तक दिवस को खास तौर से किताबें पढ़ने, लिखने, ट्रांसलेट, पब्लिशिंग और कॉपीराइट के महत्व को दर्शाने के लिए मनाया जाता है। इस दिन पुस्तकों और लेखकों को विश्वव्यापी श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए और सभी को पुस्तकों तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रण लिया जाता है।

## भीमबेटका रॉक पेंटिंग और आश्रय पर हुआ वेबिनार

**गाइड अजय ने बताए रोचक तथ्य**

**भोपाल (आरएनएन)।** भीमबेटका रॉक पेंटिंग में 4 कलर लाल, सफेद, हरा और पीले कलर का उपयोग किया गया है। यह सभी कलर पत्तियां, पत्थर, हेमेटाइट आदि प्राकृतिक स्त्रोतों से बनाए गए हैं। यह रोचक तथ्य सेंट्रल इंडिया के रीजनल गाइड भोपाल के अजय सिंह चौहान ने पर्यटन मंत्रालय द्वारा आयोजित वेबिनार में बताये। उन्होंने बताया कि अभी हाल में ही जियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की टीम को भीमबेटका से एक फॉसिल मिला है, जो करीब ढाई करोड़ वर्ष पुराना है। इस प्रकार के फॉसिल यूक्रेन, रूस और चीन में भी मिले हैं। आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया की कार्बन डेटिंग प्रक्रिया के अनुसार भीमबेटका की रॉक पेंटिंग 30 से 35 हजार वर्ष पुरानी है। प्रसिद्ध पुरातत्वविद् श्री विष्णु श्रीधर वाकणकर ने 1957-58 में नागपुर की यात्रा के दौरान विंध्य पर्वत श्रेणी में भीमबेटका की खोज की थी।





वर्ल्ड हेरिटेज साइट और विश्व की सबसे पुरानी रॉक पेंटिंग में से एक भीमबेटका की नृत्य और संगीत, बॉडी आर्ट, आखेट और पशुओं को चित्रित किया गया हैं। इस प्रकार की पेंटिंग्स को पिक्टोग्राफ कहा जाता है। श्री चौहान ने बताया कि भीमबेटका रॉक पेंटिंग और आश्रय में मानव जीवन की यात्रा चित्रित की गई है। जीवन के दिन-प्रतिदिन की गतिविधियाँ, पशु, आखेट, जंगल में उपयोगी चीजें एकत्रित करना आदि दिखाया गया है। वेबिनार का संचालन सुश्री मौतोषी नसकर ने किया। देश और प्रदेश के गाइड, पुरातत्व और इतिहास प्रेमियों ने वेबिनार में हिस्सा लिया। भीमबेटका रॉक पेंटिंग और आश्रय, भारत में यूनेस्को की विश्व धरोहर रॉक साइट है। यह प्रागैतिहासिक रॉक पेंटिंग और रॉक शेल्टर के लिए बहुत लोकप्रिय है।

## बिजनेस न्यूज

### पृथ्वी दिवस पर राधारमण कॉलेज में पौधरोपण

**भोपाल।** पृथ्वी दिवस की पूर्व संध्या पर राधारमण इंजीनियरिंग कॉलेज भोपाल ने परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर कॉलेज के विद्यार्थियों ने नीम और गुलाब के पौधे लगाने की पहल की। छात्रों और फैकल्टी मेंबर्स ने प्रकृति को संरक्षित करने और पृथ्वी पर शुद्ध शून्य प्रभाव पर ध्यान देने के साथ कार्बन क्रेडिट अर्जित करने के लिए लगातार काम करने की शपथ भी ली। छात्रों ने इन पौधों की देखभाल करने का भी संकल्प लिया।



उल्लेखनीय है कि हर साल 22 अप्रैल को पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। समूह के चेयरमैन आरआर सक्सेना इन गतिविधियों में विशेष रुचि ली और उपस्थित सभी छात्रों और संकाय सदस्यों को ऐसी गतिविधियों में दिलचस्पी लेने के लिए प्रोत्साहित किया। समूह के वरिष्ठ निदेशक डॉ. पीके लाहिड़ी ने छात्रों को इस प्रकार की ग्रामीण आउटरीच गतिविधियों द्वारा पृथ्वी को रहने के लिए एक बेहतर जगह बनाने की दिशा में काम करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### इशिता का स्वागत करेगा विश्वकर्मा समाज



**भोपाल।** आज सुबह 10 बजे पूर्व सारेगामा पा विजेता एवं इंडिया गॉट टेलेंट विजेता इशिता विश्वकर्मा भोपाल एयरपोर्ट पहुंच रही हैं। विश्वकर्मा समाज द्वारा भोपाल में धूम धाम से इशिता का स्वागत किया जाएगा। स्वागत करने वालों में विश्वकर्मा समाज के विनोद विश्वकर्मा, सतीश विश्वकर्मा, विष्णु विश्वकर्मा, शंकर कश्यप, राधेश्याम विश्वकर्मा, ज्वाला प्रसाद विश्वकर्मा, महावीर प्रसाद शर्मा, मनोज विश्वकर्मा शामिल रहेंगे। इशिता भोपाल वासियों से मुलाकात कर शाम को पांच बजे जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगी।

### वैज्ञानिक आयुर्वेद के कारण अस्पताल में भर्ती होने की दर घटी



**भोपाल।** वैज्ञानिक आयुर्वेद को जल्द ही बढ़ावा मिलने वाला है क्योंकि पूरे देश से लगभग 2 हजार आयुर्वेदिक डॉक्टर्स भोपाल में चल रहे दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं, जहां विशेषज्ञ इस बारे में बात करेंगे कि डायबिटीज और हृदय संवहनी रोग जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों के साथ आधुनिक तकनीक को कैसे मिश्रित किया जाए। डॉ. रोहित माधव साने ने कहा, वैज्ञानिक आयुर्वेद से उपचार के बाद अस्पतालों में रोगियों की भर्ती दर बहुत कम हुई है। हम विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ ऑफलाइन और ऑनलाइन परामर्श देने, अपने उपचार को अधिक सुलभ और सस्ता बनाने की योजना बना रहे हैं। आयुर्वेद लैबोरेटरीज माधवबाग के एमडी और सीईओ डॉ. रोहित माधव साने ने वैज्ञानिक आयुर्वेद विधि के माध्यम से 10 लाख से अधिक रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। दो दिवसीय कार्यक्रम राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा सम्मेलन और संगोष्ठी संयोजनम् 22 का आयोजन विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा भोपाल में अपने स्वर्ण जयंती समारोह और आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में किया जा रहा है।

## परेशानी: संत नगर के कई इलाकों में मटमैला और रुक-रुककर पहुंच रहा है पानी

**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर में कभी बिजली गुल और कभी लाइनें चौक की समस्या का बहाना बनाकर भीषण गर्मी में भी पानी सप्लाई नहीं किया जा रहा है। इधर संत नगर के जल कार्य विभाग के अधिकारी से लेकर सुपरवाइजर मनमानी कर रहे हैं। संत नगर के हाई स्कूल के आसपास, शेर हाथी



बिल्डिंग रोड, आरा मशीन रोड, सीआरपी में मटमैला, बदबूदार और स्लो मोशन में पानी सप्लाई होने की शिकायत सीएम हेल्पलाइन से लेकर निगम के वरिष्ठ अधिकारियों तक किए जाने के बाद भी इस समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

लोगों का कहना है कि सबसे ज्यादा टैक्स देने के बाद भी अधिकारी मनमानी पर उतारू हो गए हैं,जब पानी की शिकायत इन से की जाती है तो अभद्रता के अलावा बात नहीं करते। संत नगर के रहने वाले निवासी बिजली कर्मचारी रिटायर्ड यूके टेकचंदानी ने पानी की शिकायत पिछले दिनों की थी, जो आज तक नहीं सुधर पाई है। संत नगर के झोन क्रमाक एक में पदस्थ सुपरवाइजर जीएस गोहिया और वॉलमेन मनोज शाक्या पिछले 19 सालों से जल कार्य विभाग में संत नगर में पदस्थ हैं। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संत नगर में अवैध बिल्डिंगों, मल्टियों में अवैध तरीके से नल कनेक्शन हो रहे हैं, जिससे निगम को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा रहा है।

## नन्हें-बच्चों के साथ-साथ हम सभी का कर्तव्य है कि इन प्रकृति मित्रों की सहायता करें: सिद्धभाऊ

**संत हिरदाराम नगर।** केवल मनुष्य ही है जो अपने कर्मो के माध्यम से समाज, पेड़-पौधे, पशु-पक्षी प्रकृति सभी की सेवा कर के पुण्य की प्राप्ति कर सकता है। इस भीषण गर्मी में एक अवसर मिला है हम सभी को ईश्वर की उस संरचना की सहायता करने का जो किसी से अपनी भूख-प्यास के विषय में बता

**केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल करोंद में हुआ चिड़िया के लिए दाना-पानी सत्र का आयोजन**





नहीं सकते। इनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था करना बहुत ही पुण्य का कार्य है। नन्हे-बच्चों के साथ-साथ हम सभी का यह कर्तव्य है कि इन प्रकृति मित्रों की सहायता करें।

यह कहना है संत हिरदाराम जी के शिष्य सिद्धभाऊ का। शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित कला लक्ष्मणदास वेंसीमल गनवानी फाउंडेशन स्कूल एवं केवलराम चैनराय पब्लिक स्कूल, करोंद में नन्हें बच्चों में पक्षियों के प्रति संवेदनशीलता-करूणा के संस्कारों के रोपण के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। विशेष रूप से उपस्थित नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल की कोआर्डिनेटर रीटा आहूजा तथा मीठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल की कोआर्डिनेटर मिनी नायर ने विद्यार्थियों को पक्षियों के लिए दाना रखने और पानी की व्यवस्था करने का महत्व बताया। संस्था के सचिव एसी साधवानी ने कहा कि सिद्ध भाऊजी ने हम सभी में दया-करूणा एवं मानवीयता के संस्कारों का पोषण किया है। समापन के अवसर पर प्राचार्य राजेश लालवानी ने आभार व्यक्त किया, संचालन विद्यालय की शिक्षिका रचना दुबे ने किया।

### मंडी और सरकारी खरीदी केंद्र रहे बंद, किसानों को सोमवार का इंतजार

**भोपाल (आरएनएन)।** बैंक बंद होने के चलते राजधानी में शनिवार और आज रविवार का अवकाश होने के कारण करोंद मंडी फसल खरीदी के लिए बंद रही। वहीं सरकारी उपार्जन केंद्रों पर भी खरीदी नहीं हुई। लिहाजा अब किसानों अपनी फसल बेचने के लिए कल सोमवार तक इंतजार करना पड़ेगा। सोमवार से फिर फसल की खरीदी का काम शुरू हो जाएगा। गौरतलब है कि जिले में अभी तक 15 हजार किसानों से करीब 15 लाख क्विंटल गेंहू की खरीदी की जा चुकी है। जो कि भोपाल के लिए तय टारगेट का आधा है। 16 मई तक 30 लाख क्विंटल खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। इधर सोमवार से फिर राजधानी के 77 सरकारी उपार्जन केन्द्रों पर किसानों की फसल की खरीदी शुरू हो जाएगी। दूसरी तरफ करोंद मंडी में भी गेंहू और अन्य फसलों की खरीदी का काम शुरू हो जाएगा। स्थानीय व्यापारियों के मुताबिक गेहूं के रेट बढ़ने के बाद से मंडी में फसलों की आवक फिर बढ़ गई है, हालांकि शुक्रवार को इसमें कुछ गिरावट दर्ज की गई थी, शुक्रवार को यहां 2 हजार क्विंटल कम गेंहू की आवक हुई थी।

## सटोरियों का नया पैतरा: एक सिंडीकेट तैयार कर बड़े व्यापारियों के बेटों को कर रहे बर्बाद

**बड़े सटोरिये पर क्यों नहीं होती कार्रवाई?**

**संत हिरदाराम नगर(आरएनएन)।** इस समय आईपीएल गेम्स चल रहे हैं। इन गेम्स में सटोरियों ने एक नया गठजोड़ तैयार कर लिया है, इस गठजोड़ में सटोरिये उन लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं, जो बड़े- बड़े व्यापारियों के बेटे हैं। यह सिंडीकेट कुछ महिने पहले ही तैयार हुआ है।

बैरागढ़ सट्टा जुआ के नाम से दिन ब दिन फेमस होता जा रहा है, यहां पर बड़े-बड़े सटोरिये बड़े-बड़े दाव खेल कर अपने जाल में उन बड़े व्यापारियों के बेटों को फंसा रहे हैं, जिनका इस सट्टे और जुए से कोई वास्ता नहीं है, लेकिन दोस्ती और जल्दी पैसे कमाकर उल्टे शौक पूरे करने के लिए बड़े बड़े व्यापारियों के बेटे इस चंगुल में फंसते हुए नजर आ रहे हैं। एक जानकारी के मुताबिक पिछले दो साल में 10 करोड़ से भी ज्यादा युवा और बच्चे सट्टे और जुए में पैसे गवा चुके हैं। जानकारी के अनुसार एक कारोबारी की उसके बेटे की करतूतों के कारण हार्ट अटैक से मौत भी हो चुकी है। जब एक अन्य कपड़ा कारोबारी ने दो साल पूर्व अपनी जान से हाथ धो बैठा। जानकारी के अनुसार यह सिंडीकेट करीब एक दर्जन लोग हैं जो आसपास के क्षेत्रों के लोग जिसमें लालघाटी, ईदगाहिल्स, बैरागढ़ के बी ओल्ड, के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

बड़ी बात यह है कि यह समूह पुलिस की नजरों से क्यों दूर है या पुलिस इन पर नकेल क्यों नहीं कस रही है, यह समझ से परे है। कपड़ा बर्तन के बेटे इस सिंडीकेट में कपड़े बर्तन और थोक बाजार करने वालों के बेटे और उनके रिश्तेदार ज्यादा है। इन्हीं को सटोरियों और सिंडीकेट चलाने वाले अपना शिकार बना रहे है। यह सिंडीकेट करीब एक दर्जन से अधिक कपड़े बर्तन मोबाइल कारोबारी, ज्वैलर्स के बेटों को बर्बाद कर चुका है। वहीं संत नगर के जसलोक स्कूल के सामने तो एक युवक ने घर और दुकान में ताला लगा दिया है, यह युवक लॉकडाउन में कोहेफिजा में जुआ खेलते पकड़ा भी गया था, अभी यह माया नगरी मुंबई भाग गया है। ऐसा ही एक होटल कारोबारी का बेटा सट्टा और जुए में बर्बाद हो गया और उसने अपनी होटल तक बेच दी।

#### मित्रता कर जाल में फंसाते हैं

एक जानकारी के अनुसार सटोरिये इस गेम में पहले बड़े कारोबारी से मित्रता करते हैं उसके बाद रात में उसे पार्टियों में ले जाते है, यही पांच से छ: लोग आपस में लाखों रुपए का लेन देन करते हैं, फायदा और नुकसान का आकलन किया जाता है। यही देख वहां पर मौजूद साहूकार का बेटे में भी लालच आता है, उसे भी इस गेम में शामिल किया जाता है, छ:माह तक उसे लाखों रुपए का फायदा दिया जाता है, इसके बाद उस व्यापारी के बेटे को टारगेट कर उसे हरवाया जाता है। इस बीच यह रकम लाखों से करोड़ों में पहुंच जाती है। संत नगर में एक ऐसा सिंडीकेट गिरोह है जो अपने आप को बताता है प्रॉपर्टी ब्रोकर, लेकिन उसका ओरिजनल काम जुआ और सट्टे का है। इन सटोरियों की पुलिस के छोटे अधिकारियों से अच्छी सांठ-गांठ भी है, जो आए दिन किसी कौने पर इनसे मुलाकात कर इनका पेट भरते रहते हैं। इधर संत नगर के सटोरियों में हीरा मोटा, महेश उर्फ मऊ, अजीत सिंधी, प्रदीप दुबई रिटर्न नीलकंठ शामिल है। इन पर कई थानों में मामले भी दर्ज है। कई सटोरियों ने तो फार्म हाऊस तक बनाए हैं और कुछ तो वन ट्री हिल्स क्षेत्र और पॉश कॉलोनियों में इतने आलीशान बंगले और फार्म हाऊस बनाकर रखे हैं जिनमें इतमिनान से बैठ कर यह कारोबार करते है और किसी ने पार्लर तो किसी ने प्रॉपर्टी डीलिंग का ऑफिस तक खोल कर रखा है। इधर गांधी नगर और संत नगर में मटके का कारोबार भी फल फूल रहा है।

सांध्य प्रकाश
भोपाल, शनिवार 23 अप्रैल 2022



# संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर विकास और यात्री सुविधाओं का होगा विस्तार

## वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक ने प्रियंका दीक्षित ने किया निरीक्षण, स्थानीय उत्पादों को मिलेगा बढावा



**संत हिरदाराम नगर।** संत हिरदाराम नगर रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। यात्री सुविधाओं में भी जरूरी सुधार करने के साथ-साथ बढोत्तरी की जाएगी। शुक्रवार को वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक प्रियंका दीक्षित ने संत हिरदाराम नगर स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं और सेवाओं का जायजा लिया और इनमें बेहतर सुधार के लिए संबंधितों से चर्चा की।

इस दौरान उन्होंने कहा कि मण्डल रेल प्रबंधक सौरभ बन्दोपाध्याय के विशेष प्रयासों से प्लेटफार्मों की ऊंचाई बढ़ाने एवं सर्कुलेटिंग एरिया का सुधार कार्य लगभग रुपये 2 करोड़ की लागत से स्वीकृत कराया गया है। इसके अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से पार्किंग का सुधार, दिव्यांगजनों की सुविधाओं में सुधार आदि कार्य किये जायेंगे। एफओबी के विस्तार का कार्य मण्डल एवं मुख्यालय द्वारा रेलवे बोर्ड भेजा गया है, स्वीकृति प्रतीक्षित है। भोपाल-रामगंजमंडी रेल लाइन के तहत संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर जरूरी विकास कार्य किये जायेंगे।

इस अवसर पर प्रियंका दीक्षित ने बताया कि प्रधानमंत्री व रेल मंत्री की पहल पर भारतीय रेलवे में स्थानीय उत्पाद एवं व्यापार को प्रोत्साहन देने के लिए 'एक स्टेशन एक उत्पाद' योजना की शुरुआत की गई है। संत हिरदाराम नगर, हरदा, इटारसी, होशंगाबाद, रानी कमलापती, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, अशोक नगर, गुना, शाजापुर, ब्यावरा राजगढ़, शिवपुरी, रुठियाई स्टेशनों पर स्थानीय उत्पाद, हस्तशिल्पों, हथकरघा सामग्रियों को बढ़ावा देने के उदेश्य से प्रदर्शनी सह स्टाल संचालित करने के इक्छुक स्थानीय गैर सरकारी संस्थाओं, कारीगर संघ, स्व सहायता समूह आदि से आवेदन आमंत्रित किये गए है, जिसे संबन्धित स्टेशन प्रबन्धक के माध्यम से दिया जा सकता है।

**तीसरी लाइन एक साल में, स्टेशन का बनेगा नया भवन:** निरीक्षण के दौरान प्रियंका दीक्षित ने बताया कि रामगंज मण्डी से आने वाली तीसरी लाइन के लिए संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर एक साल में ही तीसरा प्लेटफार्म तैयार हो जाएगा। स्टेशन पर नया भवन भी बनना प्रस्तावित है, जिसका निर्माण भी जल्द प्रारंभ होगा। रेलवे की सीनियर डीसीएम ने संत हिरदाराम नगर के प्लेटफार्म एक स्थित यात्री प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया और उसमें आवश्यक सुविधाओं के लिए अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने पार्किंग स्थल का भी निरीक्षण करते हुए नए सिरे से ठेका दिए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही।

**पंचायत ने गेट नम्बर दो खोलने के लिए दिया ज्ञापन:** सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के पदाधिकारियों नितेश लाल, सुरेश जसवानी, वासुदेव वाधवानी, कन्हैयालाल ईसरानी एवं रमेश जनयानी ने रेलवे की सीनियर डीसीएम को ज्ञापन प्रस्तुत कर एक्सलेटर लगवाने, स्टेशन के दोनो तरफ आम लोगों की आवाजाही हेतु नया फुट ओवर ब्रिज बनाने, वेटिंग हाल में यात्री सुविधाएं बढ़ाने, बंद पड़े गेट नम्बर 2 को खोलने, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इधर, स्टेशन पर पानी की कमी को दूर करने के लिए संत हिरदाराम नगर की कपड़ा संघ द्वारा एक वाटरकुलर और जीव सेवा संस्थान और सेवा सदन द्वारा 2 वाटर कूलर की घोषणा की गई।

# वैज्ञानिक आयुर्वेद समय की मांग है : माधवबाग



**भोपाल।** वैज्ञानिक आयुर्वेद को जल्द ही बढ़ावा मिलने वाला है क्योंकि पूरे देश से लगभग 2 हजार आयुर्वेदिक डॉक्टर्स भोपाल में होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में भाग लेने वाले हैं जहां विशेषज्ञ इस बारे में बात करेंगे कि मधुमेह (डायबिटीज) और हृदय-संवहनी रोग (कार्डियो-वैस्कुलर) जैसी गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आयुर्वेद के मूल सिद्धांतों के साथ आधुनिक तकनीक को कैसे मिश्रित किया जाए।

चर्चा का नेतृत्व वैद्य साने आयुर्वेद लैबोरेटरीज लिमिटेड (माधवबाग) के एमडी और सीईओ डॉ. रोहित माधव साने करेंगे, जिन्होंने इस अनूठी विधि के माध्यम से दस लाख से अधिक रोगियों का सफलतापूर्वक इलाज किया है। डॉ. साने रोगियों में टाइप 2 मधुमेह का इलाज करने के अपने अनुभव के बारे में विस्तार से बताते हुए पेपर पेश करेंगे। हर्बल दवाइयों, व्यायाम, आहार और पंचकर्म चिकित्सा के संयोजन के साथ, डॉ. साने के नेतृत्व वाले माधवबाग ने अब तक 22,000 रोगियों में ञ्च2ष्ठरूको सफलतापूर्वक उलट दिया है।

विभिन्न रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि लगभग 10-13 प्रतिशत भारतीय TwDM से पीड़ित हैं, जबकि जनसंख्या के समान अनुपात में लोगों को दीर्घकालिक हृदय रोग भी हैं। डॉ. साने चिकित्सा प्रयोगशालाओं में होने वाली ईसीजी, एचबीए1सी, कार्डियक स्ट्रेस टेस्ट और अन्य डायग्नोस्टिक टूल्स जैसी वैज्ञानिक रिपोर्टों के इस्तेमाल पर भी चर्चा करेंगे और बताएंगे कि इनसे कैसे कार्डियो-वैस्कुलर के लक्षणों की पहचान होती है।

इस दो दिवसीय कार्यक्रम - राष्ट्रीय आयुर्वेद युवा सम्मेलन और संगोष्ठी संयोजनम् - 22 का आयोजन विश्व आयुर्वेद परिषद द्वारा भोपाल में 22 से 24 अप्रैल 2022 तक अपने स्वर्ण जयंती समारोह और आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में किया जाएगा। डॉ. रोहित माधव साने कहते हैं, वैज्ञानिक आयुर्वेद समय की जरूरत और आगे बढ़ने का रास्ता है। हमारे उपचार के दृष्टिकोण के परिणामस्वरूप अस्पतालों में रोगियों की भर्ती दर बहुत कम हुई है। हम अपने विशेषज्ञ डॉक्टरों के साथ ऑफलाइन और ऑनलाइन परामर्श दोनों के माध्यम से सभी भारतीयों के लिए अपने उपचार को अधिक सुलभ और सस्ता बनाने की योजना बना रहे हैं। माधवबाग ने पीयर रिव्यू एलोपैथिक मेडिकल जर्नल्स में 150 से अधिक शोध रिपोर्ट प्रकाशित की हैं - राष्ट्रीय और विश्व स्तर पर मधुमेह, हृदय-संवहनी रोग, उच्च रक्तचाप और मोटापे जैसे जीवन शैली संबंधी विकारों के इलाज और इन्हें उलटने में अपनी सफलता पर प्रकाश डाला है।

विश्व आयुर्वेद परिषद के आयोजन अध्यक्ष गोपाल दास मेहता ने कहा, इस कार्यक्रम में आयुर्वेदिक विद्वानों के लिए विभिन्न वैज्ञानिक पेपर प्रेसेंटेशन,नवीन तकनीकों और शिक्षण मॉडल, अकादमिक सांस्कृतिक और खेल प्रतियोगिताएं शामिल हैं, ताकि आयुर्वेदिक सिद्धांतों और प्रथाओं की बेहतर समझ के लिए उनके ज्ञान को समृद्ध किया जा सके और उनके कौशल को विकसित किया जा सके

## आयुक्त ने किया निरीक्षण

**भोपाल।** नगर निगम आयुक्त ने शुक्रवार को नवीन मुख्यालय भवन के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान निर्माणाधीन बेसमेंट के पिल्लर बनाने का कार्य जल्द करने कहा गया। । दूसरी और एयरपोर्ट के सामने वृक्षों का अवलोकन करते हुए निंदाई-गुड़ाई करने, खरपतवार हटाने व सिंचाई करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त केवीएस चौधरी ने तुलसी नगर सेकण्ड बस स्टॉप पर निर्माणाधीन नवीन निगम मुख्यालय स्थल का निरीक्षण किया और कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने बेसमेंट में वाटर प्रूफ लेयर बिछाने व पिल्लर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।निगम आयुक्त श्री चौधरी ने राजा भोज विमानतल के सामने व दूसरी ओर वृक्षारोपण के तहत लगाए गए वृक्षों का अवलोकन किया।

# उद्देश्य युवा सामाजिक एवं जन कल्याण समिति ने छात्र-छात्राओं को दिलाई शपथ



**भोपाल।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर उद्देश्य युवा सामाजिक एवं जन कल्याण समिति द्वारा छात्र -छात्राओं ने धरती को हरा भरा बनाने के लिए संकल्प लिया साथ ही पर्यावरण संरक्षण की भी शपथ ली। संस्था के जिला समन्वयक भव्य सक्सेना ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने वर्ष में कम से कम एक पेड़ लगाने व देखभाल करने, तालाब, नदी को प्रदूषित नहीं करने, कूडा, कचरा कूड़ेदान में डालने, प्लास्टिक का प्रयोग नहीं करने, पशु पक्षियों के प्रति प्रेम का भाव रखने, कागज का अनावश्यक उपयोग नहीं करने की शपथ ली। भव्य सक्सेना ने बताया कि इस अवसर पर संस्था के संरक्षक रवि परमार समर्थ समाधिया लकी चौबे मनीष कोली अनुराग दुबे अनमोल दुबे राजवीर सिंह देवेंद्र शैलेश आदि संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# वाल्मी में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस, पेड़ लगाने का दिया संदेश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

राजधानी में कलिया सोत पहाड़ी पर स्थित मध्य प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी में शुक्रवार को विश्व पृथ्वी दिवस यानी अर्थडे मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान में थीम टु गेदर वी मस्ट इन्वेस्ट इन अवर प्लानेट पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। पानी को कैसे सुरक्षित किया जा सकता है इसको लेकर मध्य प्रदेश जल एवं भूमि प्रबंध संस्थान वाल्मी में एक आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विशेषज्ञों ने अपने अपने विचार रखे और पानी की महत्ता को समझाया गया। साथ ही अधिक से अधिक पेड़ लगाने व तापमान को कम करने के विचार साझा किए।

**पृथ्वी का वातावरण प्राकृतिक अवस्था में रखें:** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी से डॉ. राहुल जायसवाल ने युवा प्रतिभागियों को जलवायु परिवर्तन के दौर में हम अपनी पृथ्वी के लिए क्या कर सकते हैं इस बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा, पृथ्वी दिवस पर हम वातावरण को प्राकृतिक अवस्था में रख पाए यह हमें अमल करने की जरूरत है। कार्यक्रम में मौजूद विद्यार्थी निशा तिवारी ने कहा कि हम सभी विद्यार्थियों को अपने जीवन में ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगाना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर एक कविता भी सुनाई जिसका शीर्षक था, माटी से जन्म हुआ. माटी में ही मिल जाता है।

**बारिश के पानी भूमि के अंदर रखें सुरक्षित:** संस्थान के विषय विशेषज्ञ विवेक कुमार भट्ट ने कहा कि वर्तमान में पानी की कमी और तापमान का तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में हम बारिश के पानी को भूमि में कैसे सुरक्षित रख सकते हैं। इसमें हम सभी की सहभागिता जरूरी है। बारिश के दौरान पानी खासतौर पर शहरों में नालों और सडक़ों में यह जाता है यदि हम इस पानी को भूमि के अंदर सुरक्षित रखें तो काफी हद तक यह समस्या दूर की जा सकती है।

## विश्व पृथ्वी दिवस पर पौधरोपण करके दिया प्रदूषण से बचाने का संदेश



**संत हिरदाराम नगर।** विश्व पृथ्वी दिवस पर पण्डित दीनदयाल उपाध्याय बोरवन क्लब के संरक्षक रामेश्वर शर्मा के दिशानिर्देश पर क्लब अध्यक्ष जगदीश आसवानी के नेतृत्व में पौधरोपण करके पृथ्वी को बचाने का संदेश दिया और कहा कि,पृथ्वी पर अनेको चीजे है जिनका उपयोग मानवजाति करके अपना जीवन यापन करती है, हमारा भी यह फर्ज बनता है कि हम उन सभी चीजों का संरक्षण और सम्बर्धन करे जो प्रकृति से प्राप्त होती है, हमें अधिक से अधिक पौधे लगाना चाहिए तब जाकर हम एक अच्छे पर्यावरण को बना सकते है और पृथ्वी को भी स्वच्छ ओर सुंदर रख सकते है, इस मौके शेट्टी चंदनानी, दिनेश सोनी, राहुल आदि कई मौजूद थे।

## जय किशन नारायण ने गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया



**भोपाल।** सागर इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में स्टेट लेवल पर गायन प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें जय किशन नारायण गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान के विनर बने सागर कॉलेज द्वारा आयोजित गायन प्रतियोगिता ( निनाद )में 100 प्रतिभागियों के जबरजस्त मुकाबले में जयकिशन नारायण ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , उन्होंने भोपाल शहर का नाम रोशन किया हाल में ही जयकिशन बैंगलोर में आयोजित एकल युवा गायन प्रतियोगिता में विनर बने हैं।

## गेंहू व्यापारियों के लिए जारी हुआ टोल फ्री नंबर

भोपाल। राज्य कृषि विपणन बोर्ड ने शुक्रवार को व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण हेतु टोल फ्री नंबर की शुरूआत की है जिसके लिए किसान भवन मंडी बोर्ड में कॉल सेंटर स्थापित किया गया है। जिस पर व्यापारियों को समस्याओं का हल जल्द मिलेगा। मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड के प्रबंध संचालक विकास नरवाल द्वारा मध्य प्रदेश राज्य में उत्पादित गेहूं के निर्यात की कार्यवाही को सुगम बनाने की दृष्टि से निर्यातकों एवं व्यापारियों को सुविधा प्रदान करने के लिए मंडी बोर्ड मुख्यालय में कॉल सेंटर प्रारंभ किया गया है जिस पर सुबह10 बजे से शाम 6 बजे तक संपर्क किया जा सकेगा। कॉल सेंटर का टोल फ्री नंबर 18002333474 है। कोई भी व्यापारी या निर्यातक गेहूं निर्यात से संबंधित किसी भी प्रश्न को उक्त कॉल सेंटर पर कॉल कर अपने प्रश्नों का उत्तर प्राप्त कर सकता है। कॉल सेंटर के प्रभारी अधिकारी के रूप में सहायक संचालक पीयूष शर्मा को नियुक्त किया गया है। जिन के निर्देशन में उक्त कॉल सेंटर कार्य करेगा।

## जम्बूरी मैदान की सफाई हुई 2 घंटे में, 800 कर्मचारी 103 कचरा वाहन से मैदान व सडक़ों की हुई सफाई

**भोपाल।** स्वच्छता को लेकर नगर निगम ने शुक्रवार को बेहतरीन प्रदर्शन किया। जम्बूरी में मैदान में तेंदू पत्ता संग्रहकों का लाभांस वितरण सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें लाखों की संख्या में प्रदेश भर से तेंदू पत्ता संग्रहक शामिल हुए थे। इस आयोजन में नगर निगम के द्वारा कार्यक्रम स्थल की सफाई के लिए लगभग 800 कर्मचारियों को लगाया गया। वहीं यहां के कचरे को निस्पादन स्थल पर पहुंचाने के लिए 48 डम्पर ट्रक व 55 मेजिक वाहन लगाये गये। जैसे ही कार्यक्रम समाप्त हुआ उसके तुरंत बाद ही नगर निगम का सफाई अमला पूरी एक जुटता के साथ आयोजन स्थल पर सफाई करने में जुट गया । आयोजन स्थल जम्बूरी मैदान के विशाल मैदान को लगभग 2 घण्टे में ही साफ-सफाई कर मैदान का पूरा कचरा साफ कर दिया गया। साथ ही जम्बूरी मैदान की ओर जाने वाले सभी मार्गों व शहर के अन्य मार्गों की भी की गई। सफाई के दौरान इकटठा हुआ कचरा कचरा ढोने वाले वाहनों से तत्काल निष्पादन स्थल पर पहुंचाया गया।

## सहकारी संस्थाओं को लेखा जमा करने के निर्देश

**भोपाल ।** सभी सहकारी संस्थाओं को अपने वार्षिक लेखा निर्धारित तिथि पर जांच हेतु प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये हैं। निधारित तिथि तक आय-व्यय पत्रक प्रस्तुत न करने पर धारा 56 के तहत वैधानिक कार्यवाही की जा सकती है। इस कार्यवाही के तहत संस्था के वैतनिक कर्मचारियों के विरूद्ध 50 हजार रुपये तक का दण्ड तथा अध्यक्ष को 3 वर्ष के लिए निरर्हरित करने की चेतावनी दी गई है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक एवं नागरिक सहकारी बैंक को 30 अप्रैल, प्राथमिक संस्था कृषि साख/आदिम जाति सहकारी संस्थाओं को 15 मई तथा उक्त संस्थाओं को छोडक़र शेष सभी सहकारी संस्थाओं को 31 मई को अपने वार्षिक लेखा अंकेक्षण हेतु प्रस्तुत करना होगा।

## खसरा और नक्शा कंप्यूटर सेंटर से मिलेंगे

**भोपाल ।** राष्ट्रीय भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम के अन्तर्गत आयुक्त भू-अभिलेख एवं बन्दोबस्त ने ई-खसरा परियोजना को लागू किया है। जिसके तहत अधीक्षक भू-अभिलेख, तहसीलदार नायब तहसीलदार एवं समस्त पटवारियों की आईडी. मोडीफिकेशन अपडेशन कार्य के लिए बनाई गई है। परियोजना के अन्तर्गत अनुबंधित फर्म द्वारा सभी तहसीलों में आई.टी. सेन्टर स्थापित किये गये है। जिनसे कृषकों को उनकी मांग अनुरुप प्रमाणित खसरा बी-1, नक्शा की प्रतिलिपियाँ नियत शुल्क प्रति पृष्ठ 30 रुपये लेकर उपलब्ध कराई जा रही है।

## महावीर मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य मेला आज

**भोपाल ।** आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विकासखंड फंदा का स्वास्थ्य मेला महावीर कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंस जेल रोड में आज प्रात- 9 बजे से आयोजित किया जाएगा। विधायक हुजूर रामेश्वर शर्मा तथा कलेक्टर अविनाश लवानिया द्वारा सभी शहरी एवं ग्रामीण नागरिकों से मेले का लाभ लेने की अपील की गई है ।

## पशु-पक्षियों को दाना-पानी देने से सात्विकता बढ़ती है एवं घर में सुख समृद्धि आती हैः सिद्ध भाऊ

# साधू वासवानी स्कूल के विद्यार्थियों के लिए किया जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन




**संत हिरदाराम नगर।** परमहंस संत हिरदाराम साहिब जी के आशीर्वाद एवं श्रद्धेय सिद्ध भाउजी की प्रेरणा से सुधार सभा द्वारा संचालित साधु वासवानी स्कूल के नंदवानी ऑडिटोरियम में आज विद्यार्थियों को पशु-पक्षियों को दाना पानी देने हेतु जागरुकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सभागार में संतजी के उत्तराधिकारी हमारे प्रेरणास्त्रोत एवं मार्गदर्षक श्रद्धेय सिद्ध भाउजी उपस्थित हुए जिन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अपने उद्बोधन में बताया कि जब आप पक्षियों को दाना-पानी देगे तो वो आप को भी उड़ना सिखा देगे पक्षियों के साथ जब हमारा मन मिल जायेगा तो हम अनुभूति करेगे कि हम उड रहे है पक्षियों को दाना-पानी देने से भगवान खुष होते है और भगवान को लगता है कि मेरी निर्बल सन्तान की मेरी सबल सन्तान ने रक्षा की है साथ ही पक्षियों को दाना-पानी देने से हमारे मन में पक्षियों के प्रति दया, करुणा पैदा होती हैं और हमारे अंदर सात्विक प्रवृत्ति आती है और हमारे घर में धन-धान्य की कमी नहीं रहती व किसी प्रकार की कोई बड़ी बीमारी नहीं होती। इनकी दुआओं से हम पर कभी बुरा समय नहीं आएगा। अत: हम यह नियम बना लें कि पहले पषु-पक्षियों को दाना-पानी देंगे उसके बाद हम पानी पियेंगे आज यदि हमने इन पक्षियों कि सेवा का संकल्प लिया तो हम हर दुख से मुक्ति पा लेगे। भाउजी ने बताया कि भगवान आपके माता-पिता में विराजमान रहते हैं, माता-पिता के आशीर्वाद में बड़ी शक्ति होती है जिनके माता-पिता होते हैं वह सौभाग्यषाली होते हैं अपने जीवन में सुखी रहना है आगे बढ़ना है तो अपने माता-पिता का कहना मानना चाहिए, माता-पिता अपने बच्चों के लिए कुर्बानियां देते है इसलिए हमारा भी दायित्व बनता है कि हम भी उनकी सेवा करें। भाउजी ने आरती का महत्व बताते हुए कहा कि हमें निश्चित टाइम पर आरती करनी चाहिए जिससे हमारे दुख-दर्द और तकलीफें दूर होती हैं और हमारा मन शांत रहता है। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने श्रद्धेय सिद्ध भाउजी का धन्यवाद करते हुए कहा कि आप बच्चों को समय समय पर जो संस्कार देते है वही संस्कार एक सच्ची पूंजी है और यही पूंजी आपको ईमानदार व अच्छा इन्सान बनाती है जैसा कि श्रवण कुमार अपने माता-पिता को तीर्थ यात्रा पर लेकर गये थे वैसे ही आप अपने माता-पिता को राम मन्दिर जरूर दिखाना। जो विद्यार्थी पक्षियों को अन्न पानी देगा व सात्विक विचारों वाला बनेगा उसमें पषु-पक्षियों के प्रति करुणा का भाव आएगा, मैं आभारी हूं श्रद्धेय सिद्ध भाउजी का जिन्होंने यह मुहिम चलाई है जिससे न सिर्फ पषु-पक्षियों की प्यास मिटेगी वरन् हम सबको भी इन पशु-पक्षियों की दुआएं मिलेगी।

तत्पश्चात श्रद्धेय सिद्ध भाउजी ने बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को अन्न के पात्र अनाज वितरित किए सभी विद्यार्थियों ने यह संकल्प लिया कि रोज सुबह उठकर पक्षियों को एक बार अन्न व 3 बार ठंडा जल देंगे और उनकी दुआएं प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर नन्हे-मुन्हें बच्चें मूक पषु-पक्षी बनें। जो भाउ जी द्वारा बहुत ही सराहे गये। कार्यक्रम में समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी, शहीद हेमू कालानी एज्यूकेषनल सोसायटी के सचिव श्री आइलदास साधवानी, प्राचार्या वर्षा त्रिपाठी, उपप्राचार्या स्वाति कलवानी, दीपा आहूजा, आशा तिवारी, नूतन लखवानी, रजनी सावलानी, आशू भारानी, जूही चेलानी, पूनम आसवानी, केएस मूर्ति आदि बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।